जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुक्मनामा समाचार

हुक्मनामा समाचार की ओर से सभी को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं

जोधपुर, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675 :: वर्ष 21 :: अंक 113

www.hukmnamasamachar.com

## महाकुंभ का शुभारंभ



## महाकुंभ में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई

**प्रयागराज।** महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर सुबह 4 बजे से पहला स्नान चल रहा है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, 44 घाटों पर शाम 6 बजे तक 1 करोड़ 65 लाख श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। भक्तों पर हेलिकॉटर से फूलों की वर्षा की गई। महाकुंभ 144 साल में दुर्लभ खगोलीय संयोग में हो रहा है। यह वही संयोग है, जो समुद्र मंथन के दौरान बना था। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज आए हैं।

भीड़ इतनी है कि 3700 लोग अपनों से बिछड़ गए। बाद में खोया-पाया केंद्र से अनाउंसमेंट कर ज्यादातर लोगों को उनके परिवार वालों से मिलवाया गया। हेलिकॉप्टर और हस्त्र कमांडो महाकुंभ में आए लोगों पर नजर रख रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में कुंभ में स्नान करने पहुंचे। प्रशासन के मुताबिक, जर्मनी, ब्राजील, रूस समेत 20 देशों से भक्त पहुंचे हैं। आज से ही श्रद्धालु 45 दिन का कल्पवास शुरू करेंगे। संगम पर एंट्री के सभी रास्तों पर भक्तों की भीड़ है। वाहनों की एंट्री बंद है। श्रद्धालु बस और रेलवे स्टेशन से 10-12 किलोमीटर पैदल चलकर संगम पहुंच रहे हैं। 60 हजार जवान सुरक्षा और व्यवस्था संभालने में लगे हैं। पुलिसकर्मी स्पीकर से लाखों की संख्या में आई भीड़ को मैनेज कर रहे हैं। जगह-जगह कमांडो और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान भी तैनात हैं। एपल के को-फाउंडर स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल जॉब्स महाकुंभ पहुंचीं। उन्होंने निरंजनी अखाड़े में अनुष्ठान किया। कल्पवास भी करेंगी।



### सीएम योगी ने दिया धन्यवाद

सीएम योगी ने सोमवार शाम एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा- मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य अर्जित किया। प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद!

महाकुंभ को लेकर गूगल ने भी खास फीचर शुरू किया। महाकुंभ टाइप करते ही पेज पर वर्चुअल फूलों की बारिश हो रही है।

## देशभर में हर्षोल्लास से लोहड़ी पर्व मनाया

### मकर संक्रांति पर्व आज....

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** लोहड़ी का पर्व सोमवार को देशभर में अनेक स्थानों पर परंपरागत उत्साह और उमंग से मनाया गया। अलाव जलाकर गीत और संगीत के साथ लोहड़ी पूजन कर रेवड़ी, मूंगफली आदि का भोग लगाया गया। महिलाओं ने लोहड़ी की आग के चारों ओर परिक्रमा करते हुए त्योहार की खुशियां साझा कीं। खास बात यह है कि पूरे देश में लोहड़ी का त्यौहार बड़ी हरसोलश के साथ मनाया जाता है सकरात से एक दिन पहले लोहड़ी आती है और इस दौरान देशभर में लोग इस त्यौहार को बड़े खास तरीके से मनाते हैं नए साल आने के बाद यह पहला त्यौहार होता है जब लोग सादगी से इस त्यौहार को मानते हैं।



**मकर संक्रांति आज...** वहीं मंगलवार को मकर संक्रांति है मकर संक्रांति देशभर में हर्षालस के साथ मनाया जाता है. देशभर के अंदर एक अलग ही उत्साह के साथ मनाई जाती है।

## भारत ने बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर को तलब किया

**नई दिल्ली ।** भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर फेंसिंग के विवाद को लेकर भारत ने सोमवार को बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमिश्नर नुरूल इस्लाम को तलब किया है। इससे पहले रविवार को बांग्लादेश ने भारतीय हाईकमिश्नर को समन किया था। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय ने भारतीय हाईकमिश्नर प्रणय वर्मा को बुलाकर बॉर्डर पर बीएसएफ की तरफ से की जा रही फेंसिंग (बाड़) को अवैध कोशिश बताया था। बांग्लादेश ने आरोप लगाया कि भारत बॉर्डर को लेकर द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बॉर्डर पर पांच स्थानों पर फेंस लगाने की कोशिश कर रहा है। बांग्लादेश की सरकारी न्यूज एजेंसी बीएसएस ने बताया कि भारतीय हाई कमिश्नर ने बांग्लादेश के विदेश सचिव जशीमउद्दीन के साथ करीब 45 मिनट इस मुद्दे पर बात की।

## पीएम मोदी ने सोनमर्ग टनल का इनॉगरेशन किया



**श्रीनगर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के गांदरबल में जेड मोड़ टनल का इनॉगरेशन किया। श्रीनगर-लेह हाइवे एनएच-1 पर बनी 6.4 किलोमीटर लंबी डबल लेन टनल श्रीनगर को सोनमर्ग से जोड़ेगी। टनल बनने से लोगों को ऑल वेदर कनेक्टिविटी मिलेगी। टनल का इनॉगरेशन करते हुए पीएम ने कहा, जम्मू-कश्मीर की लद्दाख की एक और बहुत पुरानी डिमांड आज पूरी हुई है। आप पक्का मानिये ये मोदी है वादा करता है तो निभाता है। हर काम का एक समय होता है और सही समय पर सही काम भी होने वाले हैं। उधर, राज्य के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उम्मीद है जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड का वादा भी पूरा होगा। जेड मोड़ टनल के इनॉगरेशन के बाद श्रीनगर-लेह हाइवे पर गगनगीर से सोनमर्ग के बीच एक घंटे की दूरी अब 15 मिनट में पूरी होगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री का कृषक हित में महत्वपूर्ण निर्णय

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को दी मंजूरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कृषकों की आय में वृद्धि कर उनके जीवन को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार ने गत एक वर्ष में कृषक हित में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। इन फैसलों में किसान सम्मान निधि में वृद्धि, गेंहू के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन तथा किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान सहित कई फैसले शामिल हैं। साथ ही, कृषि उत्पादों के प्रभावी विपणन हेतु मंडियों का विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण भी किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य की विभिन्न कृषि उपज मंडियों में 6 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों को मंजूरी दी है। इनमें कृषि उपज मंडी समिति सीकर की विशिष्ट प्याज गौण मंडी यार्ड रसीदपुरा में 74 लाख रुपये के नवीन निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ट श्रेणी) बूंदी के अंतर्गत नवीन मंडी प्रांगण कुंवारती में 2.58 करोड़ रुपये से अधिक के विद्युत व निर्माण कार्य, कृषि उपज मंडी समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर के गौण मंडी यार्ड आसोप में 90.86 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड़ निर्माण एवं सोलर स्ट्रीट लाइट के कार्य तथा कृषि उपज मंडी समिति नगर, डीग के अंतर्गत मुख्य मंडी यार्ड में 1.76 करोड़ से अधिक की लागत से डोम निर्माण कार्य शामिल हैं।

### लगातार चौथे दिन टूटा बाजार, सेंसेक्स 1048 अंक गिरा

**मुंबई ।** 13 जनवरी को शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक की गिरावट के साथ 76,330 पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट रही, ये 23,085 के स्तर पर बंद हुआ। बीएसई स्मॉलकैप 2,126 अंक (4.03 प्रतिशत) की गिरावट के साथ 50,596 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 में गिरावट और केवल 4 में तेजी रही।

### पटेला री पोल

आसमान पर पतंगे होगी, होगा कटे कटे का शोर  
पक्षियों की शामत समझो, कई की हो जाएगी भोर  
महत्व मकर का पोराणिक है, दान पुन्य होता सब ओर  
समझने वाले समझे इसको, बाकी ज्यादा पतंग का जोर

..मुखिया जी

## प्रदेशभर में शीतलहर का प्रकोप

### 15 जनवरी से फिर ओले-बारिश का अलर्ट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में 15 जनवरी को एक बार फिर बारिश और ओले गिरेंगे। बीकानेर, जयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग के 18 जिलों में बादल छाने, बारिश होने और कहीं-कहीं ओले गिरने की आशंका के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है। तेज सर्दी को देखते हुए जयपुर समेत 19 जिलों के स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। अजमेर शहर आज सुबह 10 बजे तक कोहरे के आगोश में रहा। सड़कों पर वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान विजिबिलिटी 50 मीटर से भी कम रही रही। न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहा। सर्द हवा ने लोगों को कंपकंपा दिया।

### मुख्यमंत्री 16 जनवरी को कर्मचारी संगठनों के साथ करेंगे बजट पूर्व संवाद

## राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य की डबल इंजन सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास और जनकल्याण की भावना के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व तथा दूरगामी सोच के साथ समाज के हर वर्ग के हित में निरंतर निर्णय लिए जा रहे हैं। विकसित राजस्थान 2047 के ध्येय के साथ सरकार आगामी राज्य बजट वर्ष 2025-26 की रूपरेखा तैयार कर रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा विभिन्न वर्गों के साथ 16 जनवरी से 22 जनवरी तक बजट पूर्व संवाद कर उनके अमूल्य सुझाव लेंगे। इस क्रम में 16 जनवरी (गुरूवार) को शर्मा राज्य के कर्मचारी संगठनों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे।

आमजन को पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन देने में कर्मचारियों की एक कर्मयोगी के रूप में अहम भूमिका होती है। राज्य सरकार की नीतियों और विजन को कर्मचारी ही धरातल पर मूर्त रूप देते हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। युवाओं को रोजगार देने तथा राजकार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुशल कार्मिकों की आवश्यकता देखते हुए हेतु राज्य सरकार ने 5 वर्षों में 4 लाख पदों पर सरकारी नियुक्तियां देने का लक्ष्य रखा है। अब तक 59 हजार से अधिक नियुक्तियां दी जा चुकी हैं तथा लगभग 15 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। इसके साथ ही लगभग 81 हजार पदों पर भर्ती परीक्षाओं का कलेण्डर भी जारी किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने अंतरिम राज्य बजट एवं परिवर्तित राज्य बजट में कर्मचारियों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। इनमें पदोन्नति के लिए डीपीसी हेतु 2 वर्ष की छूट, आरजीएचएस के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने हेतु महिला एवं पुरूष कार्मिकों को अपने माता-पिता अथवा सास-ससुर में से किसी एक को चुनने का विकल्प देना, प्रतिवर्ष 30 जून को सेवानिवृत होने वाले कार्मिकों को 1 जुलाई से एक काल्पनिक वेतन वृद्धि का लाभ देना, ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने, पेंशनर्स को देय आउटडोर चिकित्सा सेवा की व्यय सीमा को 30 हजार रूपये से बढ़ाकर 50 हजार रुपये करने तथा 1 अप्रेल, 2024 के बाद कार्मिक की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर 10 वर्षों तक बढ़ी हुई दर से पारिवारिक पेंशन देने जैसी घोषणाएं शामिल हैं।



### जिला प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा नियमो की वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन

# सर्वश्रेष्ठ वीडियो को करेंगे 26 जनवरी पर सम्मानित

**फलौदी, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर एच.एल अटल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमे सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आमजन को अधिकाधिक सड़क सुरक्षा नियमों व सावधानियों के संबंध में जागरूक करने के लिए वीडियो प्रतियोगिता का आयोजन के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि वीडियो प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से प्रभावशाली वीडियो बनाए तथा सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का प्रयास करें। प्रतिभागी परवाह थीम पर अधिकतम 2 मिनट का वीडियो



बनाते हुए मोबाइल नंबर 9460107907 व 7065597992 पर 20 जनवरी तक भिजवाएं। सर्वश्रेष्ठ वीडियो बनाने वाले प्रतिभागी को 26 जनवरी पर सम्मानित किया जाएगा। समीक्षा बैठक में जिला कलक्टर ने बीकानेर हाइवे के प्रभारी अधिकारी को बंद रोड़ लाइटों को आगामी तीन दिन में दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। समय पर दुरुस्त नहीं करवाए जाने पर संबंधित फर्म के विरुद्ध जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही हाइवे के दुर्घटना संभावित कट के दुरुस्तीकरण के लिए सेफ्टी ऑडिटर से आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार जैसलमेर, नोख,भारतमाला के प्रभारी अधिकारियों को हाइवे पर मेंटेनेंस एजेंसी को सतर्कता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। हाइवे प्राधिकरण द्वारा सड़क सुरक्षा मानकों के लिए अपनाए गए आवश्यक कार्यों तथा भविष्य में दुर्घटना रोकथाम के लिए प्रस्तावित कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### कलक्टर ने परिवहन अधिकारी को बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण कर निर्देश दिए

नियमों की अवेहलना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाल वाहिनी अधिकृत वाहन चालक द्वारा ही चलाई जाए। इसी प्रकार औचक निरीक्षण करते हुए बसों की स्पीड, मादक पदार्थ का सेवन व नियमों का अवेहलना करने वाले चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता को कानासर व बाप कस्बे की तरफ जाने वाली रोड़ पर स्पीड ब्रेकर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही झाड़ियों की कटाई समय पर करवाते रहने के निर्देश दिए। पुलिस विभाग के अधिकारियों को नियमित गस्त देने ,अवैध पार्किंग हटवाने सहित नियमों की पालना नहीं करने वालों के विरुद्ध चालान बनाने के निर्देश दिए।

### चाइनीज मांझे से पतंगबाजी पर रहेगा प्रतिबंध

## अवहेलना पर होगी विधि के प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही, सुबह-शाम दो घंटे नहीं उड़ा पाएंगे पतंग

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री सुशील कुमार यादव ने मकर संक्रान्ति पर जिले में करंट की आशंका वाले तथा पक्षियों एवं मनुष्यों को चोट पहुंचाने वाले मांझे से पतंगबाजी करने पर प्रतिबंध लगाया है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री सुशील कुमार यादव की ओर से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी आदेश के मुताबिक मकर सक्रान्ति के अवसर पर बालोतरा जिले में पतंग उड़ाए जाएंगे। वर्तमान समय में पतंग के लिए इस प्रकार का मांझा प्रचलन में आया है जिससे पतंगबाजी करने पर बिजली के तारों के सम्पर्क में आने से विद्युत प्रवाहित होकर करन्ट आने से जानमाल की हानि की आशंका रहती है। साथ ही इस प्रकार के मांझे से पतंगबाजी करने पर आकाश में स्वच्छंद विचरण करने वाले पक्षियों की गर्दन कट जाती है तथा इससे मनुष्यों को भी चोट पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि जानमाल की रक्षा एवं सुरक्षा कारणों को मध्यनजर रखते हुए जिले के किसी भी क्षेत्र में पतंगबाजी के लिए इस प्रकार के अनुपयुक्त मांझे, प्लास्टिक अथवा इस प्रकार से चाईना निर्मित सिंथेटिक मटेरियल से बने हुए एवं अन्य टॉक्सिक मेटेरियल जैसे आयरन पाउडर, ग्लास पाउडर से बने पक्के धागे को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। उनके मुताबिक इस प्रकार के धागे एवं मांझे का पतंगबाजी के लिए कोई भी व्यक्ति उपयोग नहीं करेगा तथा न ही किसी व्यक्ति को उपयोग, विक्रय करने की अनुमति दी जाएगी। साथ ही प्रात: 6 से 8 बजे तक एवं सायं 5 से 7 बजे तक पतंगबाजी पर पूर्णतया प्रतिबंध रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर दोषी व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 एवं अन्य विधिक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

## मंडल अध्यक्ष रावल का स्वागत किया



**सुमेरपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर छाई हुई है। भाजपा नवनिर्वाचित नगर मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल का माला पहनाकर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। सुमेरपुर भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने सुमेरपुर नगर मंडल अध्यक्ष पद पर रविकांत रावल को मनोनीत किया जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की दौड़ छाई हुई है। इस अवसर पर नगर के भाजपा सदस्यों ने रावल को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया । इस दौरान रावल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से पूरी करूंगा । इस अवसर पर पार्षद दिनेश मीणा छगन सेन,भाजपा सोशल मीडिया सदस्य भरत सोलंकी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि 22 जनवरी तक बढ़ाई

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 22 जनवरी 2025 कर दिया है। पहले यह तिथि 12 जनवरी 2025 निर्धारित थी। इस योजना के तहत राज्य के पशुपालक अपने दुधारू पशुओं का नि:शुल्क बीमा करवा सकेंगे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विनय मोहन खत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का उद्देश्य राज्य के पशुपालकों को आर्थिक संबल प्रदान करना है, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब प्राकृतिक आपदाएं, महामारी या दुर्घटनाओं के कारण पशुधन को नुकसान पहुंचता है। राजस्थान में पशुपालन ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का मुख्य स्रोत है, और यह योजना पशुपालकों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि पशुपालकों को किसी भी आपदा के समय आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े और वे अपने पशुओं की उचित देखभाल कर सकें। इस योजना के अंतर्गत पशुपालकों को अपने पशुधन का बीमा करवाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे प्राकृतिक आपदाओं या किसी अन्य विपरीत स्थिति में आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।

## पशु कल्याण पखवाड़ा आज से प्रारंभ

**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** पशुपालन विभाग की ओर से जीव जंतुओं के प्रति प्रेम व दया भाव जाग्रत करने के दृष्टि से प्रति वर्ष की तरह इस बार भी 14 जनवरी से 30 जनवरी 2025 तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान जिले भर में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पशु पक्षियों के कल्याण हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा एवं पशु कल्याण हेतु पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाएगा। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विनय मोहन खत्री ने बताया कि पशु कल्याण पखवाड़े के अवसर पर विभाग द्वारा जिले में प्रत्येक पशु चिकित्सा संस्था पर एक-एक जनचेतना शिविर व बांझ निवारण एवं पशु शल्य चिकित्सा शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये गए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा पशुओं को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने बताया कि शिविरों के माध्यम से पशुपालकों तथा गोशालाओं के पशुओं को कृमिनाशक औषधि पिलाने, संबंधित क्षेत्र की गौशालाओं एवं पशुपालकों के पशु बाड़े में जाकर ठण्ड से पीड़ित पशुओं को राहत देने संबंधित आवश्यक उपाय करवाने तथा ग्राम में संचालित पशु खेलियों की सफाई तथा रंगरोगन कराकर पुन: पानी भरवाना सुनिश्चित करने का काम किया जाएगा।

## बजट घोषणाओं की क्रियान्विति समयबद्ध तरीके से पूर्ण करे: कलक्टर



**जालोर, (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे ने कहा कि विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समयसीमा में कार्यों को पूर्ण करें।जिला कलक्टर प्रदीप के. गावंडे सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में बजट घोषणा वर्ष 2024-25 को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा कर रहे थे। बैठक में उन्होंने बजट घोषणाओं के कार्यों की विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्हें समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक का किया स्वागत



**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने राजस्थान सरकार में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक के नाकोड़ा आगमन पर उनका स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व चम्पालाल बांठिया चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष गणपत बांठिया ने बताया कि राजस्थान सरकार में सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक के नाकोड़ा आगमन पर ट्रस्ट सदस्यों के साथ उनका माला पहनाकर व गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। बांठिया ने सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम दक को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रारंभिक कार्यकर्ता, जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं पूर्व विधायक स्व.चंपालाल बांठिया के 92 वीं जन्मजयंती एवं नवम पुण्यतिथि के पुनीत अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बालोतरा में सोमवार 3 फरवरी 2025 को आयोजित होने वाले संस्तुति एवं समर्पण समारोह में भाग लेने का न्यौता दिया।

### अन्नदाताओं भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही भाजपा सरकार : सत्यवीर यादव

**सुमेरपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** पाली। किसान कांग्रेस द्वारा आयोजित किसान जाग्रति यात्रा का कार्यक्रम राजस्थान प्रभारी सत्यवीर जी यादव व प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा,ज़िला कांग्रेस अध्यक्ष अज़ीज़ दर्द व प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिशुपाल सिंह निम्बाडा,की उपस्थिति में संपन्न हुआ। सभा को संबोधित करते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सत्यवीरसिंह यादव ने देश में किसानों को फसलों के उचित दाम मिलने व किसानों के क़र्ज़ माफ़ करने की पुरज़ोर मांग करते हुए केंद्र सरकार से धरने पर बैठे किसानों की मांगों पर तत्काल सहानुभूति पूर्वक विचार कर लागू करने की मांग की।प्रदेश अध्यक्ष शिव भगवान नागा ने प्रदेश के किसानों की मांगों व समस्याओं के समाधान नहीं होने पर शीघ्र ही आंदोलन करने की सरकार को चेतावनी देते हुए सदैव किसानों के हित में संघर्ष में तैयार रहने का आव्हान किया।

## प्रदेश भर में करीब साढ़े नौ हजार पटवारी हड़ताल पर बैठे




**सुमेरपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेशभर में सोमवार से पटवारी आंदोलन कर रहे है। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारीयों ने अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। प्रदेश भर में करीब साढ़े नौ हजार पटवारी हड़ताल पर चले गए है। जिसके चलते अब लोगों को नामांतरण खुलवाने, गिरदावरी करवाने व अन्य पटवार कार्यालय संबंधित कामों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।राजस्थान पटवार संघ के प्रदेशाध्यक्ष नरेंद्र कविया ने बताया कि 9 सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्य भर के पटवारी काम पर लौटे थे। लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है। पटवार संघ अध्यक्ष युद्धवीर सिंह ने बताया कि राजस्थान पटवार संघ की 9 सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मांग गिरदावरी एप को संशोधन कराने की है। वर्तमान में गिरदावरी के लिए सरकार ने एप बनाया है।

### भारतीय वायु सेना में अग्निवीरों की भर्ती के लिए ऑनलाईन पंजीकरण की अन्तिम तिथि 27 जनवरी

**जैसलमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीर वायु भर्ती 01/2026 के लिए ऑनलाईन पंजीकरण 07 जनवरी से शुरु हो रही है, जिसकी अन्तिम तिथि 27 जनवरी, 2025 निर्धारित है। अतिरिक्त जिला कलक्टर पवन कुमार ने इस भर्ती के लिए ऑनलाईन आवेदन करने के संबंध में जिला शिक्षाधिकारी,जैसलमेर, प्राचार्य, जिला शिक्षा प्रशिक्षण, जैसलमेर (डाईट), प्राचार्य, एसबीके/मिश्रीमल सांउपखण्ड अधिकारी, जैसलमेर, पोकरण, भणियाणा व फतेहगढ़ को अलग-अलग पत्र प्रेषित कर इसका अधिकाधिक व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा युवाओं को भर्ती में भाग लेने के लिए प्रेरित करने बाबत निर्देशित किया है।

# जैव विविधता के लिए खतरे वाली वनस्पतियों के उन्मूलन की मांग की

**फलोदी, (हुक्मनामा समाचार)।** जनहितैषी एवम पर्यावरण संरक्षण वाली संस्थाओं द्वारा जिलाकलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री एवम मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देकर जैव विविधता के लिए खतरा उत्पन्न करने वाली वनस्पतियों के उन्मूलन के लिए आने वाले बजट में क्रियांवनीति करवाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि अंग्रेजी बबुल,जलकुंभी, गाजर घास और कोनोकार्पस यह वनस्पतियां मानव स्वास्थ्य, धरती की उर्वरा शक्ति, पशु संरक्षण , वन्यजीवों, पर्यावरण संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन एवं जैव विविधता के लिए खतरा है। अंग्रेजी बबुल के



अत्यधिक फैलाव की वजह से ओरण, गोचर तथा जंगल की जमीन में अन्य घास उत्पन्न होना बंद हो गई है ,जिससे पशुओं के चरने के लिए बड़ी समस्या पैदा हुई है। पशुपालन महंगा होता जा रहा है। जहां एक तरफ भारत देश में किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास हो रहे हैं , वहीं ये वनस्पतियां किसान और पशुपालक दोनों को अत्यधिक नुकसान पहुंचा रही है। कोनोकार्पस तथा गाजर घास एलर्जी तथा अस्थमा जैसे रोगों को जन्म देता है। जलकुंभी तालाबों की सुरक्षा के लिए खतरा बनती जा रही है पानी को अत्यधिक मात्रा में सोखती है।

### न्यायाधीश की अध्यक्षता में विजिटर्स बोर्ड ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

**जालोर, (हुक्मनामा समाचार)।** सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णय सुकन्या शांता बनाम भारत संघ की पालना में राज्य प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बोर्ड ऑफ विजिटर्स के साथ सोमवार को जिला न्यायाधीश हारून के नेतृत्व में जिला कारागृह का निरीक्षण किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने बताया कि कारागृह के निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कारागृहों में बंदियों के साथ जाति, धर्म सहित अन्य प्रकार के भेदभाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर उस पर आवश्यक कदम उठाना है।

### बिठूजा मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का हुआ आयोजन

## सुन्दरकाण्ड पाठ करने से मिलती है ऊर्जा व शांति : ईश्वरदास



**बालोतरा, (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्णा सेवा संस्थान की शाखा कृष्णा सुन्दरकाण्ड समिति द्वारा अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा गया। कृष्णा सेवा संस्थान नगर उपाध्यक्ष राजेंद्र माली ने कहा कि बाबा रामदेव सेवा दल द्वारा अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रभात फेरी,राम भजन भक्ति,प्रसादी महोत्सव व सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा गया जिसमें कृष्णा सेवा संस्थान अध्यक्ष धर्मेंद्र दवे, भजन गायक राजू सुथार व कृष्णा सुन्दरकाण्ड समिति सदस्यों के सहयोग से यह भव्य कार्यक्रम करवाया गया।

## किसानों के लिए जीवनदायनी बन रही है खेततलाई योजना



**भोपालगढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** - उपखंड क्षेत्र के आसोप कस्बे के आसपास गांवों में किसानों के लिए खेततलाई योजना वरदान साबित हो रही है युवा किसान महिपाल जाखड़ गारासनी ने बताया कि आसोप में लगभग पांच सौ किसानों ने खेततलाई खेतों में खुदवाया। इन किसानों के लिए यह जीवदायनी बन रही है। आसोप के चारों ओर हरियाली ही हरियाली नजर आ रही है। यह सब खेततलाई के द्वारा ही संभव हो रहा है । आम किसान ने अपने खेत में जीरे की फसल खेत तलाई के द्वारा सिंचाई की जा रही है । जिसमें मुख्य रूप से जनरेटर की सुविधा से आसानी से खेतों की सिंचाई की जा रही है। आसोप कस्बे के आसपास गांवों में आसोप? गारासनी गोविंदपुरा बासनी हरिसिंह,कुकड़दा,सुवाणा, गजसिंहपुरा श में किसान खेतों में खेत तलाई से मुख्य फसलों में जीरा, सोंफ,रायड़ा,चना, ईसबगोल,की बुवाई की हुई है। किसान नथुराम बैरा गोविंदपुरा ने बताया कि पिछले साल ही फार्म पॉन्ड का निर्माण करवाया, और अच्छी बारिश होने के कारण फार्म पॉइंट पूरी तरह पानी से भर गया।

### छापला की चनिशा जोधा का हुआ राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**भोपालगढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय चोमूं जयपुर में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय स्तर हैंडबॉल प्रतियोगिता में केएन कॉलेज जोधपुर द्वारा हैंडबॉल छात्रा वर्ग टीम का प्रतिनिधित्व कर रही टीम में उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत छापला की चनिशा जोधा का चयन हुआ है। इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय चोमूं जयपुर में आयोजित होने वाली हैंडबॉल छात्रा वर्ग प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत छापला की चनिशा जोधा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होने पर उनके कोच नरेंद्रसिंह चौरड़िया के नेतृत्व में टीम के साथ छात्रा चनिशा जोधा जयपुर पहुंच चुकी है, जहां पर वह अपना दमखम दिखाकर क्षेत्र का परचम लहराएगी। जोधपुर के इतिहास में ग्रामीण क्षेत्र से व विशेषकर भोपालगढ़ क्षेत्र के छापला ग्राम पंचायत की छात्रा चनिशा जोधा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन होना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

### राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए निकाला शौर्य संचालन

# जाति-पाती का भेद मिटा देश व धर्म हित में कार्य करने का आह्वान

**भोपालगढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व हिन्दू पारिषद बजरंग दल की ओर से रविवार को कस्बे में विशाल शौर्य संचालन का आयोजन किया गया। जिला संयोजक बनवारी सिंह राजपुरोहित ने बताया की मर्यादापुरुषोत्तम भागवान श्रीराम के मन्दिर बनाने के एक वर्ष पूर्ण होने और स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष में शौर्य संचालन को आयोजित किया गया संचालन में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी, श्री सदाशिवराव गोलबेलकर गुरुजी की झांकी,और कई झांकियां सम्मिलित हुई द्य बजरंगी युवाओ ने बड़े ही शालीन और अनुशासित तरीके से तीनों तीन लाइनों में संचलन कर सनातन की एकता और अखण्डता का परिचय दिया अलग अलग गण बने जिसमें



त्रिशूल दीक्षा धारी बजरंगी, शूटिंग प्रशिक्षित बजरंगी, दंड धारी, वाहनियों के बीच में बजरंग दल घोष वादन, डीजे ,ओपन जीप, सभी का काफिला देखते ही बनता था द्य कार्यक्रम की शुरुआत संत श्रीं श्रीराम जी लवारी धाम प्रांत संयोजक बजरंग दल विक्रम जी,प्रांत प्रचार प्रसार प्रमुख नरेश जी , विभाग संगठन मंत्री खरताराम जी विभाग संयोजक सचिन जी,जिला संयोजक बनवारी सिंह जी,खंड संघ सरचालक मालाराम जी, विहिप जिला उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश जी,विहिप जिला सह मंत्री अशोक जी प्रखंड अध्यक्ष दुर्ग सिंह, भरत सोनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर कि गई। मुख्य वक्ता विक्रम ने विश्व हिन्दू पारिषद,बजरंग हा हम सभी सनातनी मर्यादापुरुषोत्तम राम जी की सन्तान है।

# सर्दी के कहर को देखते सभी स्कूलों में आज से दो दिन छुट्टी

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी पांच दिन का अवकाश, जिला कलेक्टर ने जारी किए आदेश, अवहेलना पर लिया जाएगा एक्शन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर में सोमवार को दिनभर बर्फीली हवाओं का कहर रहा। यहां सुबह से ही मौसम में ठंड का असर देखा गया। सुबह शहर की सडक़ों पर कोहरा छाया रहा। इसके बाद दिनभर ठंडी हवाएं चलने के कारण तापमान भी लुढक़ गया। इधर जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने मौसम विभाग की कड़ाके की ठंड की चेतावनी के बाद 14 और 15 जनवरी को स्कूलों की छुट्टी का आदेश जारी किया हैं। इससे पहले प्रशासन ने रविवार को स्कूलों में बच्चों के लिए 10 बजे का समय तय किया था।



जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने सोमवार को नया आदेश जारी करते हुए जोधपुर जिले में संचालित सभी स्कूलों के बच्चों के लिए 14 और 15 जनवरी को अवकाश घोषित किया है। यह आदेश सिर्फ स्टूडेंट्स के लिए ही लागू होगा। स्टाफ को स्कूल आना होगा। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने बताया कि यह अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए ही लागू रहेगा, शेष स्टाफ यथावत कार्य करता रहेगा। इसके अलावा जिले के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय स्कूलों के संस्था प्रधानों, प्रधानाध्यापकों और संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश की पालना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई भी संस्था प्रधान स्कूल का संचालन करता पाया जाता है तो उसके विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत एक्शन लिया जाएगा।

इसके साथ ही शीत लहर से बच्चों को राहत प्रदान करने के दृष्टिगत आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी अवकाश घोषित किया गया है। जोधपुर सहित प्रदेश में पड़ रही शीतलहर के चलते जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने आदेश जारी कर जोधपुर जिले में संचालित शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में 14 से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। आदेशानुसार समस्त मानदेयकर्मी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निर्धारित समय पर नियमित रूप से उपस्थित होकर अन्य आवश्यक कार्य यथावत सम्पादित करेंगे।

**कोहरा छाया, दिनभर कड़ाके की ठंड :** शहर में आज अधिकतम तापमान 19.6 डिग्री सेल्शियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.5 डिग्री कम था। वहीं रात का तापमान 8.6 डिग्री रहा। पश्चिमी राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के असर से बदले मौसम ने ठिठुरन बढ़ा दी है। पिछले दो दिन से शहर में सुबह और शाम के पारे में भी गिरावट नजर आई है। आज सुबह दस बजे तक की बात की जाए तो बादल छाए रहने और कोहरे की वजह से धूप भी नहीं निकली। इसके चलते भी ठंड का असर काफी बढ़ गया। लोग सर्दी से बचने के लिए तरह-तरह के जतन करते हुए नजर आए। शहर की सडक़ों पर ठंड के चलते आम जनजीवन खासा प्रभावित रहा। तीखी ठंड के कारण हाथ और पैरों की अंगुलियों में गलन शुरू हो गई। बर्फीली हवा शरीर को बेधकर तीर सी चुभ रही थी। तेज बर्फीली हवाएं सर्दी को और तीव्र बना रही थी।

## समाचार-सार

### आध्यात्म और एकता का अद्वितीय प्रतीक है महाकुंभ : शेखावत

**केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में महाकुंभ के प्रथम दिन त्रिवेणी संगम में किया स्नान**

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रयागराज में महाकुंभ के रूप में विश्व के सबसे बड़े धार्मिक-आध्यात्मिक आयोजन का शुभारंभ आज पौष पूर्णिमा पर हुआ। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत भी आज सुबह प्रयागराज में पौष पूर्णिमा पर स्नान किया। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि तीर्थराज प्रयागराज में आज पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर पवित्र स्नान के साथ महाकुंभ का शुभारंभ हो गया है। यह दिव्य पर्व केवल स्नान नहीं, बल्कि सनातन परंपरा, आध्यात्म और एकता का अद्वितीय प्रतीक है। उन्होंने महाकुम्भ प्रयागराज के शुभारंभ एवं प्रथम स्नान की मंगलमय शुभकामनाएं दी और कहा कि मां गंगा, यमुना और सरस्वती सभी भक्तों का कल्याण करें।



### प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाले दुकानदार पर कार्रवाई

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के पतंग मार्केट घासमंडी में प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने पर एक दुकानदार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने केस दर्ज किया है। दुकान से चाइनीज मांझे से भरी चर्खियां जब्त की गई। सदर बाजार थाने के एसआई गोविंदराम को सूचना मिली कि पतंग मार्केट घासमंडी में एक पतंग की दुकान पर प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचा जा रहा है। इस पर पुलिस की टीम के साथ वहां रेड दी गई। पुलिस ने बंबा मोहल्ला वहीद पार्क के पास रहने वाले शेख असगर पुत्र हुसैन असगर के खिलाफ कार्रवाई की और केस दर्ज किया। दुकान से चाइनीज मांझे की चर्खियां जब्त की गई।

### मकान निर्माण के लिए विद्युत कनेक्शन में राहत

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जोधपुर डिस्कॉम ने मकान निर्माण के लिए विद्युत कनेक्शनों में राहत प्रदान की है। पहले मकान निर्माण के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन लेने पर उच्च दरों पर बिल भरना पड़ता था लेकिन अब डिस्कॉम ने इस प्रक्रिया में छूट दी है। प्रबंध निदेशक डॉ. भंवरलाल डेलू के निर्देश पर अधीक्षण अभियंता यूके व्यास ने इस संदर्भ का आदेश जारी किया हे। आदेश में कहा गया हे कि अब आवेदक अपने प्रमाणित प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करके स्थायी विद्युत कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को अस्थायी कनेक्शन की उच्च दरों से राहत मिलेगी और वे स्थायी कनेक्शन के तहत कम दरों पर विद्युत सेवा प्राप्त कर सकेंगे।

### निगम दक्षिण का पतंग महोत्सव आज

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** नगर निगम दक्षिण की ओर से गांधी मैदान में मंगलवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष में पतंग महोत्सव और लोहड़ी पर्व का आयोजन किया जाएगा। महापौर ने बताया कि मकर संक्रांति के उपलक्ष में पहली बार नगर निगम दक्षिण की ओर से गांधी मैदान में सुबह दस से दोपहर दो बजे तक पतंग महोत्सव एवं लोहड़ी पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान कई पतंगबाज अपनी कला का बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे, साथ ही सभी अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद मिलकर भी इस पतंगबाजी का लुत्फ उठाएंगे। लोहड़ी पर्व को लेकर तिल से बने उत्पाद, मूंगफली, चने की भी व्यवस्था की गई है, साथ ही अलग-अलग व्यंजनों की स्टॉलें भी गांधी मैदान में लगाई जाएगी।

# स्पा सेंटर पर दबिश, 5 संदिग्ध गिरफ्तार



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक होटल एवं स्पा सेन्टर पर दबिश देकर कुल पांच संदिग्ध युवकों को दस्तयाब कर धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस आयुक्त राजेन्द्रसिंह व पुलिस उपायुक्त पश्चिम राजर्षि राज वर्मा द्वारा जोधपुर शहर में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान सहायक पुलिस आयुक्त रविन्द्र बोथरा के सुपरविजन में एसआई सुनिता कुमारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा आखलिया चौराहा स्थित होटल एवं स्पा सेन्टर में संचालित हो रही अवैध गतिविधियों के विरूद्ध कार्रवाई करने हेतु दबिश दी गई। यहां से पुलिस टीम ने नयाखेडा पुलिस थाना चंदेरी जिला अशोक नगर मध्यप्रदेश निवासी कृष्णपाल लोदी पुत्र चन्द्रभान सिंह, गांव खांगटा पीपाड़ शहर निवासी रवि पुत्र रामपाल जाट, गांव बोरडी पुलिस थाना रानी जिला पाली निवासी अखिलेश चौधरी पुत्र मोतीलाल, माता का थान निवासी कुलजीत सुथार पुत्र अक्षय कुमार और चौपासनी हाउसिंग बोर्ड निवासी अभिषेक वैष्णव पुत्र सुखदेव को दस्तयाब कर पूछताछ की लेकिन उनके द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने गिरफ्तार किया गया।

# राज्य सरकार सहकारिता के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कर रही कार्य : दक

## हस्तशिल्प उत्सव में बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियाँ और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी विजन एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के प्रभावी नेतृत्व में राज्य सरकार सहकारिता के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के रूप में किसानों को सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अपने पहले ही बजट में किसान सम्मान निधि देने का वादा किया था। एवं राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 65 लाख से अधिक कृषकों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से कुल 653.40 करोड़ रुपए हस्तांतरित किए गए है। सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री दक एवं राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत की अध्यक्षता में पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2025 के तहत सोमवार को सहकार भारती जोधपुर महानगर की ओर से बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियाँ (पैक्स) और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में उनकी भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दक ने कहा कि देश का समग्र आर्थिक विकास सहकारिता के माध्यम से ही सम्भव है। इस दिशा में प्राथमिक कृषि ऋण सहकारी समितियों (पैक्स) को बहुउद्देशीय पैक्स के रूप में कार्य करने हेतु प्रेरित करने का केंद्र सरकार का यह निर्णय एक मील का पत्थर सिद्ध होगा। इस दौरान सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने उत्सव में केंद्रीय पंडाल का अवलोकन किया। साथ ही, उन्होंने प्रदर्शित उत्पादों व मॉडल्स इत्यादि की जानकारी लेकर लोगों का हौसला बढ़ाया।




इस अवसर पर विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, उत्सव के संयोजक घनश्याम ओझा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के सदस्य रतनलाल डागा, प्रदेश अध्यक्ष सहकार भारती राजेंद्र कुमार थानवी, पश्चिमी राजस्थान में कार्यरत पैक्स के पदाधिकारियों और सदस्यों, सहकारिता क्षेत्र में रुचि रखने वाले सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जोधपुर एनसीसी की दो कैडेट्स का दिल्ली आरडीसी परेड के लिए चयन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जोधपुर के विद्याश्रम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टीचर्स ट्रेनिंग और 1 राज- इंजीनियरिंग रेजिमेंट एनसीसी जोधपुर की कैडेट्स उर्मिला और कोमल का चयन गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कर्त्तव्य पथ पर होने वाली आरडीसी परेड में हुआ है। इसके साथ ही दोनों प्रधानमंत्री रैली 2025 में भी भाग लेने के लिए चुनी गई हैं।



संस्थान के चेयरमैन विनय कुमार जैन ने बताया कि प्रति वर्ष कैडेट्स कड़ी मेहनत और प्रयास कर सफलता के आयाम स्थापित कर रहे हैं। उर्मिला और कोमल ने अपनी मेहनत और काबिलियत के दम पर यह प्रतिष्ठित अवसर प्राप्त कर देश में संस्थान का नाम रोशन किया है। यहां के एनसीसी कैडेट्स का प्रदर्शन लगातार सराहनीय रहा है। संस्थान की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट हिना शर्मा ने बताया कि दोनों कैडेट्स ने एनसीसी के लगभग 6 प्री आरडीसी कैंप में अपना उत्तम प्रदर्शन दिखाया और राजस्थान की टीम का हिस्सा बन कर राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने में कामयाबी हासिल की। संस्थान के डायरेक्टर, प्रिंसिपल और समस्त स्टाफ ने कैडेट्स को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।

# छात्र का कार में किया अपहरण, तीन गिरफ्तार

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** लव अफेयर की आशंका में एक छात्र का भगत की कोठी इलाके में अपहरण कर लिया गया। तीन युवक छात्र के कमरे में घुसे और खुद को पुलिस अधिकारी बताकर कार में अपहरण कर ले गए। थाने चलने की बात कही और फिर कार में मारपीट की। छात्र को पाली जिले के रोहट क्षेत्र में सडक़ पर पटककर चले गए। उसका मोबाइल लूट लिया गया। पीड़ित छात्र की तरफ से अब भगत की कोठी थाने में रिपोर्ट दी गई। पुलिस ने कार्रवाई कर तीन लोगों को पकड़ा है जोकि भीलवाड़ा के रहने वाले है।

जैसलमेर के फलसूण्ड स्थित भीखोडाई के रहने वाले एक छात्र की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह भगत की कोठी स्थित कृष्ण मंदिर गली नंबर तीन में किराए के कमरे में रहकर पढ़ाई करता है। गत 11 जनवरी की रात को वह अपने कमरे में पढ़ाई कर रहा था। तब उसके रूम पर तीन युवक कार लेकर आए। उन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए पूछताछ के लिए थाने चलने के लिए कहा। बाद में उसे जबरन कार में डालकर ले गए। बीच रास्ते मारपीट की और उसका मोबाइल छीन लिया। पाली के रोहट क्षेत्र में ले जाकर सडक़ पर पटक दिया। आरोपियों ने एक ने कहा कि वह उसकी पत्नी को फोन करता है। मोबाइल चैट से इसका खुलासा होने पर छात्र का अपहरण किया गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच में तीन आरोपियों भीलवाड़ा निवासी शैतानसिंह, पारसमल गुर्जर एवं सांवलियाराम को शांतिभंग में फिलहाल गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी बीच राजीनामे की बात भी बताई है।

# फसल खराबे की बीमा राशि के भुगतान करने की मांग पर प्रदर्शन

## किसानों ने कांग्रेस के साथ मिलकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** किसानों को पिछले दो साल से फसल खराबे की बीमा राशि का भुगतान नहीं हुआ है। साथ ही खाद-बीज की राशि का भुगतान भी अटका हुआ है। इन भुगतानों की मांग को लेकर किसानों ने सोमवार को जोधपुर जिला कांग्रेस कमेटी देहात के साथ मिलकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और अपनी मांगों को जिला कलेक्टर के नाम का एक ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2023-2024 व 2024-2025 में अतिवृष्टि से किसानों की पूरी फसलें बर्बाद हो गई थी। वर्ष 2023 में तत्कालीन सरकार द्वारा जब गिरदावरी करवा गई थी तब 80 प्रतिशत बीमा क्लेम देना तय हुआ था लेकिन आचार संहिता के कारण किसानों को बीमा क्लेम राशि नहीं मिल पाई और न ही खाद बीज की राशि मिल पाई है। वर्ष 2024-2025 में भी किसानों की फसलें अतिवृष्टि से बर्बाद हो गई थी जिसका बीमा क्लेम और खाद बीज राशि का भुगतान अभी तक नहीं किया गया जिसके कारण किसानों को आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इसको लेकर आज किसानों ने जिला कांग्रेस कमेटी देहात के साथ जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन के माध्यम से अपनी मांगें रखी। इस दौरान पूर्व सांसद बद्रीराम जाखड़, हीरालाल मेघवाल, बलदेव गौरा, विजयलक्ष्मी पटेल सहित कई कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

# समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : अग्रवाल

## जिला कलक्टर ने कहा-अधिकारी समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी अधिकारी समस्याओं का उचित समयबद्ध त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करें। जिससे अधिक से अधिक लोगों की समस्याओं का समाधान कर राहत पहुंचाई जा सके। अन्यथा संबधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार जन सुनवाई के माध्यम लोगों की समस्याओं के समाधान के साथ आमजन से जुड़ी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्पित है। अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त परिवादों, वीआईपी प्रकरणों, सम्पर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों, विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, विभिन्न आयोगों में लंबित प्रकरण, कोर्ट केसेज, पीएमसूर्या घर योजना की प्रगति, ज़िले में संचालित राजकीय विद्यालयों में खेल मैदान की अद्यतन स्तिथि सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की समीक्षा :** बैठक में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना 2024-2025 के तहत किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। जिला टास्क फोर्स, वन स्टॉप सेंटर प्रबंधन समिति और जिला स्तरीय महिला समाधान समिति की बैठक में इस योजना के नवाचार और प्रगति पर चर्चा की गई। महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रमों और लाडो प्रोत्साहन योजना की समीक्षा करते हुए जिला स्तर पर किये जा रहे प्रयासों पर भी विचार-विमर्श किया गया । बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. धीरज कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी आईएएस रवि कुमार, आईएएस अक्षत कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम जवाहर चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय सुरेन्द्रसिंह पुरोहित सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066,
**सिटी कार्यालय :** धर्मनारायणजी का हत्था, जोधपुर टॉवर्स, पावटा, जोधपुर। -जयपुर कार्यालय, जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

## सम्पादकीय

### आसमान सबका है।



अभी इन दिनों पतंग का सीजन पूरे देश में है राजस्थान के जयपुर की पतंग बाजी दुनिया भर में मशहूर है। मकर संक्रांति के दिन पूरा आसमान रंग बिरंगी पतंग से पटा रहता है, यह सब देखने के लिए बाहर से लोग भी पहुंचते हैं विदेशियों के लिए पतंगबाजी के कार्यक्रम अलग होते हैं लेकिन इन सब का दुखद पहलू यह है कि आसमान पर विचरण करने वाले पक्षी इस पतंगबाजी के धागे में फंसकर लहु लुहान हो जाते हैं और मर जाते हैं।

आसमान सबका है हम तो अब 1 वर्ष में कुछ घंटे पतंग उड़ाते हैं लेकिन आसमान में पक्षी दिन होने से रात होने तक विचरण करते रहते हैं उनका रहने का घूमने का सब कुछ खुला आसमान है पतंगबाजी के चक्कर में हम उनका जीना दूभर कर देते हैं। यदि कुछ सावधानी हम लोग बरते तो बड़ी संख्या में पक्षियों को मरने और घायल होने से बचाया जा सकता है।

पक्षियों का सुबह अपने घोसलों से निकलने का और शाम को आने का समय होता है सरकार आम आदमी से गुहार करती है कि ऐसे समय पतंगबाजी रोक दें परंतु कोई मानता नहीं है चाइनीस मंजे पर भी सरकार ने प्रतिबंध लगा रखा है पर कोई सुनता नहीं है व्यापारी ज्यादा लालच के चक्कर में चाइनीस मांझा बेचते हैं यह घातक है इसमें करंट भी प्रभावित होता है स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है जानवर के घाव होने के बाद वह बचता नहीं है।

जो मांझा हवा में रह जाता है वीडियो में अटक जाता है या जमीन पर फालतू पड़ा रहता है उसे नष्ट करना चाहिए अन्यथा चिड़िया और कबूतरों के पैर में अटक जाता है और वह तड़प कर मर जाते हैं रात्रि के समय पतंग के साथ लैंप उड़ने का भी गलत शौक लग गया है जो गलत है इससे आगजनी का खतरा रहता है हमें इन सब बातों का ध्यान रखना होगा यह हमारी सुरक्षा के लिए भी जरूरी है जानवर पक्षियों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। संक्रांति का त्योहार ऐसा है जो धर्म जात बात से अलग होकर मनाया जाता है मनाया जाए उल्लास पूर्वक मनाया जाए लेकिन पक्षियों की स्वतंत्रता खतरे में नहीं डाली जाए और अपने को भी बचाए रखें।

**वैभव लोढ़ा............**

## क्रॉस फायर

- ❑ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के नौजवानों को बताया अपना परम मित्र
- ◆ फिर भी नौजवानों के साथ ऐसा किया।
- ❑ स्मृति ईरानी का बड़ा आरोप आप विधायकों ने बनवाई अवैध प्रवासियों के जाली दस्तावेज और आधार कार्ड।
- ◆ फिर झूठ सच्चे आरोप के साथ राजनीति में एंट्री।
- ❑ भारत में सीमा पर बढाई सेना की तैनाती तो भड़क गया बांग्लादेश।
- ◆ क्योंकि आवक जावक पर रोक लग गई।
- ❑ अमित शाह बोले शरद पवार की विश्वास गति राजनीति दफन हुई।
- ◆ लगता है चोट गहरी लगी।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल बोले कौशल और उद्यमिता विकास से युवा बना आत्मनिर्भर।
- ◆ सरकार के भरोसे तो बेरोजगार ही रह जाए।
- ❑ मुख्यमंत्री भजनलाल का आप गहलोत सरकार की निष्क्रियता से बड़ा वैकेंसी बैकलॉग।
- ◆ उससे पहले की सरकारी तो एडवांस में करती थी नियुक्तियां।
- ❑ भाजपा संगठन में फेरबदल की कवायत महिलाओं को दी जाएगी तरजीह।
- ◆ पूरे संगठन का डब्बा गोल किस-किस को बदलोगे।
- ❑ शिवसेना पलटी इंडिया या बा गठबंधन को भंग करने की बात कभी नहीं की।
- ◆ तभी तो बोलते हैं ज्यादा बोलना अच्छा नहीं।

**.............अंजू लोढ़ा**

# आज मकर सन्क्रांति: पुष्य नक्षत्र के साथ विशेष महत्व



रोशनलाल शर्मा

मकर संक्रांति का त्योहार मंगलवार को देश में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस बार मकर संक्रांति पर पुष्य नक्षत्र का भी शानदार संयोग आ रहा है। ऐसे में धर्म, दान और पूजा पाठ का विशेष फल मिलने वाला है।

मकर संक्रांति भारत में धर्म आस्था का त्योहार है। इस दिन तीर्थ स्थलों पर स्नान करने का भी प्रावधान है और दान पुण्य का भी महत्व है। पतंग का मकर संक्रांति पर कोई उल्लेख नहीं है ये तो कालान्तर में आमोद प्रमोद के हिसाब से इसमें जुड़ गई है। दरअसल मकर संक्रांति पुण्य कमाने का त्योहार है न की पतंगबाजी का है। हालांकि पिछले कई दशकों से युवा पीढ़ी इसे पतंगबाजी का ही त्योहार ही मानती है। पतंगबाजी का एक खास मामला ये जरूर है इसने कौमी त्योहार बना दिया है। जी हां पतंगबाजी मकर संक्रांति के दिन हिन्दू, मुसलमान, सिख और इसाई सभी सम्प्रदायों में की जाती है। साथ ही इस दिन तिल के लड्डू, गजक और फीणी का खान भी सभी सम्प्रदायों में होता है। इसलिए पतंगबाजी से लिहाज से ये कौमी एकता का भी त्योहार माना जा सकता है। राजस्थान में इस पर्व पर सुहागन महिलाएं अपनी सास को वायना देकर आशीर्वाद प्राप्त करती हैं। साथ ही महिलाएं किसी भी सौभाग्यसूचक वस्तु का चौदह की संख्या में पूजन एवं संकल्प कर चौदह ब्राह्मणों को दान देती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान सूर्य अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। चूंकि शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं, अतः इस दिन को मकर संक्रान्ति के नाम से जाना जाता है। मकर संक्रान्ति के दिन ही गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं।

**पुष्य नक्षत्र और मकर संक्रांति**

पुष्य के साथ आने वाली मकर संक्रांति पर तीन विशेष उपाय करने चाहिए। थोड़ी सी केसर युक्त चावलों की खीर बनाइये और भगवान लक्ष्मीनारायण जी के मंदिर में उसका भोग लगाकर स्वयं भी उस प्रसादी को ग्रहण करें और उसे वितरित भी करें। इसी दिन थोड़ा तिल और गुड़ एक डिस्पोजल कटोरी में रखकर भगवान शिव के मंदिर में उनके चरणों में अर्पित कर आएं और उनसे अपने सभी कष्टों के निवारण की प्रार्थना कर आएं। तीसरा और महत्वपूर्ण उपाय ये है कि इस दिन एक चांदी का सिक्का खरीदें और थोड़ से चावल खरीदें तथा ये दोनों चीजें एक सफेद कपड़े में बांधकर इशान कोण या फिर अपनी तिजोरी में रख दें और फिर इसका फायदा देखें।

**भारत के साथ ही नेपाल में भी रहती है मकर संक्रांति की धूम**

भारत के साथ ही नेपाल में भी अलग-अलग नाम व भांति-भांति के रीति-रिवाजों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन किसान अपनी अच्छी फसल के लिये भगवान को धन्यवाद देकर अपनी अनुकम्पा को सदैव लोगों पर बनाये रखने का आशीर्वाद मांगते हैं। इसलिए मकर संक्रांति के त्योहार को फसलों एवं किसानों के त्योहार के नाम से मनाया जाता है। नेपाल में माघे-संक्रांति, सूर्योत्तरायण और थारू समुदाय में माघी कहा जाता है। इस दिन नेपाल सरकार सार्वजनिक छुट्टी घोषित करती है। थारू समुदाय का यह सबसे प्रमुख त्योहार है। नेपाल के बाकी समुदाय भी तीर्थस्थल में स्नान करके दान-धर्मादि करते हैं और तिल, घी, चीनी और कन्दमूल खाकर धूमधाम से मनाते हैं। वे नदियों के संगम पर लाखों की संख्या में नहाने के लिये जाते हैं। तीर्थस्थलों में रूरूधाम और त्रिवेणी मेला सबसे ज्यादा प्रसिद्ध है।

**भारत के राज्यों में अलग-अलग रूप**

मकर संक्रान्ति के अवसर पर आन्ध्र प्रदेश और तेलंगण राज्यों में विशेष भोजनम् का आयोजन किया जाता है। जम्मू में यह पर्व उत्तरैन% और %माघी संगरांद% के नाम से विख्यात है। कुछ लोग इसे उत्रैण, अत्रैण% अथवा अत्रणी के नाम से भी जानते है। इससे एक दिन पूर्व लोहड़ी का पर्व भी मनाया जाता है, जो कि पौष मास के अन्त का प्रतीक है। मकर संक्रान्ति के दिन माघ मास का आरंभ माना जाता है, इसलिए इसको माघी संगरांद भी कहा जाता है। डोगरा घरानों में इस दिन दाल की खिचड़ी का मन्सना (दान) किया जाता है। इसको %खिचड़ी वाला पर्व% भी कहा जाता है। उधमपुर की देविका नदी के तट पर, हीरानगर के धगवाल में और जम्मू के अन्य पवित्र स्थलों पर जैसे कि पुरमण्डल और उत्तरबैह्नी पर इस दिन मेले लगते हैं। भद्रवाह के वासुकी मन्दिर की प्रतिमा को इस दिन घी से ढंका जाता है। उत्तर प्रदेश में यह मुख्य रूप से %दान का पर्व% है। प्रयागराज में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर प्रत्येक वर्ष एक माह तक माघ मेला लगता है जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी से ही प्रयागराज में हर साल माघ मेले की शुरूआत होती है। 14 दिसम्बर से 14 जनवरी तक का समय खर मास के नाम से जाना जाता है। 14 जनवरी यानी मकर संक्रान्ति से पृथ्वी पर अच्छे दिनों की शुरूआत होती है। माघ मेले का पहला स्नान मकर संक्रान्ति से शुरू होकर शिवरात्रि के आखिरी स्नान तक चलता है। बागेश्वर में बड़ा मेला होता है। वैसे गंगा-स्नान रामेश्वर, चित्रशिला व अन्य स्थानों में भी होते हैं। इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। इस पर्व पर क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा घाटों पर बड़े-बड़े मेले लगते है। समूचे उत्तर प्रदेश में इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जाना जाता है तथा इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है। इसी प्रकार बिहार में मकर संक्रान्ति को खिचड़ी नाम से जाना जाता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, चिवड़ा, गौ, स्वर्ण, ऊनी वस्त्र, कम्बल आदि दान करने का अपना महत्त्व है। महाराष्ट्र में इस दिन सभी विवाहित महिलाएं अपनी पहली संक्रान्ति पर कपास, तेल व नमक आदि चीजें अन्य सुहागिन महिलाओं को दान करती हैं। तिल-गूल नामक हलवे के बांटने की प्रथा भी है। इस दिन पूरे बिहारवासी दिन में दही चुरा खाकर और रात के समय उरद दाल और चावल की खिचड़ी बनाकर यह पर्व को मनाते हैं। बंगाल में इस पर्व पर स्नान के पश्चात तिल दान करने की प्रथा है। गंगासागर में प्रति वर्ष विशाल मेला लगता है। मान्यता यह भी है कि इस दिन यशोदा ने श्रीकृष्ण को प्राप्त करने के लिये व्रत किया था। इस दिन गंगासागर में स्नान-दान के लिये लाखों लोगों की भीड़ होती है।

तमिलनाडु में इस त्योहार को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाते हैं। प्रथम दिन भोगी-पोंगल, द्वितीय दिन सूर्य-पोंगल, तृतीय दिन मट्टू-पोंगल अथवा केनू-पोंगल और चौथे व अन्तिम दिन कन्या-पोंगल। इस प्रकार पहले दिन कूड़ा करकट इकठ्ठा कर जलाया जाता है, दूसरे दिन लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है और तीसरे दिन पशु धन की पूजा की जाती है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है, जिसे पोंगल कहते हैं। असम में मकर संक्रान्ति को माघ-बिहू अथवा भोगाली-बिहू के नाम से मनाते हैं। देवभूमि उत्तराखंड में इस मुख्य पर्व मकर सक्रांति को घुघुतिया त्योहार के नाम से जाना जाता है। उत्तराखंड के सभी लोग अपने दिन की शुरूआत सुबह नहाने से करते हैं। घर की महिलाओं द्वारा रसवाडें को मोल मिट्टी की सहायता से लिपाई पुताई की जाती है।

उसके बाद सभी लोगों द्वारा अपने घर के देवता स्वरूप देवी देवताओं की पूजा की जाती है और दिन के भोजन में घुघुतिया बनाए जाते हैं। यह घुघुतिया आटे और गुड़ की सहायता से बनाए जाते हैं। जिसमें विभिन्न प्रकार की आकृतियों के माध्यम से घुघुतिया तैयार किए जाते हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

## *आखिर क्यों आते है पश्चिमी विक्षोभ*



**राजेश कुमार मीना**
**करौली**

पश्चिमी विक्षोभ अटलांटिक महासागर मे उत्पन्न होते हैं फिर यूरोप महाद्वीप के देशों में बारिश करते हैं उसके बाद लाल सागर, कैस्पियन सागर, काला सागर, भूमध्य सागर, तक पहुंचने पर यहां से नमी ग्रहण करते हैं फिर यह ईरान, इराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान होते हुए भारत तक पहुंचते हैं जिससे यहां बारिश ओर बर्फबारी होती है ,काफी क्षेत्रों में भारी बारिश ओलावृष्टि तेज तूफान भी आ जाते हैं।कभी कभी उत्तर पश्चिम मध्य भारत में पश्चिमी विक्षोभ से भारी बारिश ओलावृष्टि होती है। साथ में 40-100 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलती है खासकर मार्च अप्रैल मे इस प्रकार का प्रभाव होता है लेकिन यह प्रभाव तब होता है जब पश्चिमी जेट स्ट्रीम सामान्य से अधिक दक्षिणायन हो जाये।

पश्चिमी विक्षोभ या वेस्टर्न डिस्टर्बन्स भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तरी इलाक़ों में सर्दियों के मौसम में आने वाले ऐसे तूफ़ान को कहते हैं। जो वायुमंडल की ऊँची तहों में भूमध्य सागर,अन्ध महासागर और कुछ हद तक कैस्पियन सागर से नमी लाकर उसे अचानक वर्षा और बर्फ़ के रूप में उत्तरभारत,पाकिस्तान व नेपाल पर गिरा देता है।उत्तर भारत में रबी की फ़सल के लिये, विशेषकर गेंहू के लिये, यह तूफ़ान अति-आवश्यक होते हैं।

क्यों कहते हैं इन्हें पश्चिमी विक्षोभ :- मौसम वैज्ञानिक बताते हैं कि 'अशांत हवाएं कम दबाव वाले क्षेत्र में होती हैं।और भारत के संबंध में चूंकि? ये पश्चिम दिशा से आती हैं, इसलिए इसका नाम पश्चिमी विक्षोभ है। भमध्यसागरिय क्षेत्र से चलने वाली ये हवाएं अफगानिस्तान,पाकिस्तान और भारत की ओर अधिक ऊंचाई और तेज हवाओं के साथ यात्रा करती हैं।जो पृथ्वी की सतह के ऊपर पश्चिम से पूरब दि?शा की ओर बहती हैं। इससे होने वाली बरसात मानसून की बरसात से अलग होती है।यह एक गैर-मानसून वर्षा पैटर्न है।और यह पछुआ हवाओं द्वारा संचालित होता है। सर्दियों के मौसम में पश्चिमी विक्षोभ काफी मजबूत होते हैं।

भारत में प्रभाव:-पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी भारत में वर्षा, हिमपात और कोहरे से संबंधित है। यह पाकिस्तान और उत्तरी भारत में वर्षा एवं हिमपात के साथ आता है।पश्चिम विक्षोभ भूमध्य सागर या अटलांटिक महासागर से नमी प्राप्त करता है।इस के कारण शीत ऋतु में और मानसून पूर्व वर्षा होती है और उत्तरी उपमहाद्वीप में रबी फसल के विकास के लिये महत्त्वपूर्ण है।ये हमेशा अच्छे मौसम के अग्रदूत नहीं होते हैं। कभी-कभी बाढ़, फ्लैश फ्लड, भूस्खलन, धूल भरी आँधी, ओलावृष्टि और शीत लहर जैसी चरम मौसमी घटनाओं का कारण बन सकते हैं जो लोगों की जान ले लेते हैं, बुनियादी ढाँचे को नष्ट कर देते हैं और आजीविका को प्रभावित करते हैं।अप्रैल और मई के गर्मियों के महीनों के दौरान, पश्चिम विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में प्रवाहित होते हैं।एवं समय-समय पर उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में मानसून की सक्रियता में मदद करते हैं।

मानसून के मौसम के दौरान, पश्चिमी विक्षोभ कभी-कभी घने बादल और भारी वर्षा का कारण बन सकता है।कमज़ोर पश्चिमी विक्षोभ पूरे उत्तर भारत में फसल उपज की विफलता और जल की समस्याओं से संबंधित है।मज़बूत पश्चिमी विक्षोभ निवासियों, किसानों और सरकारों को जल की कमी से जुड़ी कई समस्याओं से बचने में मदद कर सकता है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं-सम्पादक**

## आज का राशिफल

मंगलवार 14 जनवरी 2025



**मेष राशि**

जो लोग दूसरे के लिए मांगते हैं, उन्हें कभी अपने लिए नहीं मांगना पड़ता है। माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। किसी के बहकाने से सपने संबंध तोडऩे से बचें। पैर में चोट लग सकती है। समाज में नाम आपका होगा।



**वृषभ राशि**

किसी के बहकावे में आप बहुत जल्द आ जाते हैं। समय रहते जरूरी कार्य पूरे करें। निजी जीवन में दूसरों को प्रवेश न दें। पिता के व्यवहार से मन मुटाव होगा। जीवनशैली में परिवर्तन के योग है। पुरानी दुश्मनी के चलते विवाद संभव है।



**मिथुन राशि**

सोचे हुए कार्य समय पर होने से मन प्रसन्न रहेगा। अपने वाक् चातुर्य से सभी काम आसानी से करवा लेंगे। कार्यस्थल पर अपनी अलग पहचान स्थापित करेंगे। प्रेम-प्रसंग के चलते मन उदास रहेगा।



**कर्क राशि**

व्यस्तता के कारण सेहत को न भूलें। अपने जीवनसाथी से नम्रता से बात करें और आपके दोनों के वार्तालाप में स्नेह झलके ना कि बनावटी बातें करें। वाणी मधुर रहे। यात्रा के योग बन रहे हैं।



**सिंह राशि**

अपने अक्खड़ व्यवहार से सभी से दूरियां बढ़ा लेंगे। व्यवहार नम्र रहे और अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। पिता के साथ तालमेल न रहने से घर का वातावरण गरमा सकता है। संपत्ति से संबंधित जरूरी अनुबंध हो सकते हैं।



**कन्या राशि**

आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। जीवनशैली में आये परिवर्तन से खुश होंगे। आजीविका के नए स्त्रोत स्थापित होंगे। पारिवारिक सौहार्द बना रहेगा। मांगलिक समारोह में सक्रिय भूमिका रहेगी।



**तुला राशि**

जिन लोगों का सहयोग आप ने किया था, आज वे ही आप से मुंह फेर रहे हैं। बीमारी में दवाई असर नहीं करेगी। बेहतर होगा अपना डॉक्टर बदलें या किसी योग्य व्यक्ति से सलाह लें। नए भवन में जाने के योग हैं।



**वृश्चिक राशि**

अपने स्वभाव में परिवर्तन लाना बहुत जरूरी है। कार्यस्थल पर योजना लाभप्रद रहेगी। पड़ोसियों की मदद करनी पड़ सकती है। क्रोध की अधिकता से परिजन नाखुश होंगे। शेयर बाजार में निवेश से लाभ होगा।



**धनु राशि**

समय रहते अपने कार्य पूर्ण करें। पारिवारिक लोगों का सहयोग न मिलने से कार्य प्रभावित होंगे। घर में वास्तु अनुरूप परिवर्तन करें, तो पारिवारिक तनाव खत्म होगा। फैक्ट्री में प्रवेश द्वार पर पंचमुखी हनुमान की तस्वीर लगायें, चमत्कारिक लाभ होगा।



**मकर राशि**

जल्दबाजी में किये फैसलों से भारी नुकसान हो सकता है। परिवार में आप की बातों को सुना जायेगा। धार्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परीक्षा परिणाम अनुकूल रहेगा।



**कुम्भ राशि**

अपने हिसाब से जिन्दगी जीना पसंद है। जो लोग आप के कार्यों की सराहना करते थे, वे आप का विरोध करेंगे। भवन-भूमि के विवादों का अंत होगा। पिता के व्यवसाय में रुचि कम रहेगी।



**मीन राशि**

समय से पहले और भाग्य से ज्यादा किसी को नहीं मिलता। अपनी बारी का इंजतार करें। संतान के सहयोग से कार्य पूरे होंगे। नए लोगों से संपर्क बनेगा, जो भविष्य में लाभदायक रहेगा। वाहन सुख संभव है।



**राजेन्द्र गुप्ता**
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# दान, ध्यान और स्नान का पर्व है मकर संक्रांति



बाल मुकुन्द ओझा

भारत में प्रत्येक पर्व और त्योहार का अपना सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्त्व होता है। ऐसा ही एक पर्व मकर संक्रांति है जो लोक मंगल को समर्पित है। हिन्दू तीज-त्योहारों में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति का त्योहार धार्मिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। लोकमंगल के त्योहार देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक बुनियाद को मजबूत बनाने और समाज को जोड़ने का काम करते हैं। यह त्योहार न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसका वैज्ञानिक महत्व भी है। मकर संक्रांति सूर्य, पृथ्वी और ऋतुओं के बीच के संबंध को दर्शाने वाला पर्व है। इस वर्ष मकर संक्रांति 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। पंचांग के अनुसार, मकर संक्रांति पुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर शाम 5 बजकर 46 मिनट तक रहेगा और महापुण्य काल का समय सुबह 9 बजकर 3 मिनट से लेकर सुबह 10 बजकर 48 मिनट तक रहेगा. मकर संक्रान्ति पर्व पूरे भारत और नेपाल में किसी न किसी रूप में मनाया जाता है। मकर संक्रांति भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्यौहारों में से एक है, जिसे विभिन्न राज्यों में अलग-अलग नाम से जाना जाता है। उत्तर भारत में इसे संक्रांति, गुजरात और महाराष्ट्र में उत्तरायण, तमिलनाडु में पोंगल और असम में माघ बिहू कहा जाता है। हिन्दी भाषी क्षेत्रों में इस त्यौहार को मकर संक्रांति के नाम से जाना जाता है। यह त्यौहार सूर्य देव के मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

धार्मिक विश्वास के अनुसार मकर संक्रांति पर किये गये दान के कार्य अन्य दिनों के अपेक्षा सौ गुना अधिक पुण्य प्राप्त होता। इस दिन गरीबों और जरूरतमंदों को दान देना बेहद पुण्यकारी माना जाता है। यह त्योहार देश में पतंजबाजी के लिए भी काफी प्रसिद्ध है। इस अवसर पर महिला और पुरुष सबेरे से शाम होने तक अपनी अपनी छतों पर वो काटा की करतल ध्वनि के साथ पतंगबाजी का आनंद उठाते है। इस दिन तिल का हर जगह किसी ना किसी रूप में प्रयोग होता ही है। पौराणिक मान्यता के अनुसार ऐसा माना जाता है कि अगर मकर संक्रांति के दिन तिल का दान या सेवन किया जाए तो इससे शनि देव प्रसन्न होते हैं। जिससे ऐसे व्यक्ति जिस पर शनि देव का कुप्रभाव है वह भी कम हो जाता है। इसलिए इस दिन काले तिल को दान करने की मान्यता है।

तिल स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महाभारत काल में भीष्म पितामह ने अपनी देह त्यागने के लिए मकर संक्रांति के दिन का ही चयन किया था। मकर संक्रांति के दिन गंगा जी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर सागर में जा मिलीं। इसीलिए आज के दिन गंगा स्नान का विशेष महत्व है। मकर संक्रान्ति के अवसर पर गंगास्नान एवं गंगातट पर दान को अत्यन्त शुभ माना गया है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगासागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। मकर संक्रांति को मौसम में बदलाव का सूचक भी माना जाता है।

भारत में मकर संक्रान्ति विभिन्न रूपों में मनाया जाता है। बंगाल में इस पर्व पर गंगासागर पर बहुत बड़े मेले का आयोजन होता है। यहां इस पर्व के दिन स्नान करने के बाद तिल दान करने की प्रथा है। कहा जाता है कि इसी दिन यशोदा जी ने श्रीकृष्ण की प्राप्ति के लिए व्रत रखा था। इसी दिन गंगा भगीरथ के पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होते हुए गंगा सागर में जा मिली थीं।

यही वजह है कि हर साल मकर संक्रांति के दिन गंगा सागर में भारी भीड़ होती है। इस साल महाकुंभ मेले में दूसरा शाही स्नान भी मकर संक्रांति 2025 के पावन पर्व पर आयोजित हो रहा है। यह महाकुंभ प्रयागराज में हो रहा है। मकर संक्रांति 2025 विशेष रूप से स्नान और दान का पर्व है। इस दिन गंगास्नान करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।बिहार में भी मकर संक्रांति को खिचड़ी के ही नाम से जानते हैं। यहां भी उड़द की दाल, चावल, तिल, खटाई और ऊनी वस्त्र दान करने की परंपरा है। इसके अलावा असम में इसे 'माघ- बिहू और ' भोगाली-बिहू के नाम से जानते हैं। तमिलनाडू में इस पर्व को चार दिनों तक मनाते हैं।

यहा पहला दिन भोगी पोंगल दूसरा दिन सूर्य पोंगल, तीसरा दिन मट्टू पोंगल और चौथा दिन कन्या पोंगल के रूप में मनाते हैं। पूजा और अर्चना की जाती है। राजस्थान में इस दिन बहुएं अपनी सास को मिठाईयां और फल देकर उनसे आर्शीवाद लेती हैं। इसके अलावा वहां किसी भी सौभाग्य की वस्तू को 14 की संख्या में दान करने का अलग ही महत्व बताया गया है। महाराष्ट्र में इस दिन गूल नामक हलवे को बांटने की प्रथा है।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# राजसी ठाठ से मनाया पूर्व नरेश गजसिंह का 77वां जन्मदिवस

## ऐट होम कार्यक्रम का आयोजन, भूटान नरेश ने परिवार सहित दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** पूर्व नरेश गजसिंह के 77वें जन्मदिवस की वर्षगांठ पर अंग्रेजी तारीख से 13 जनवरी को सांय 4.30 बजे उम्मेद भवन पैलेस बारादरी में ऐट होम कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

पूर्व नरेश गज सिंह के निजी सचिव जगत सिंह राठौड़ ने बताया कि ऐट होम में मारवाड़ व जोधपुर शहर से जनप्रतिनिधि, सैन्य व प्रशासनिक अधिकारियों, गणमान्य नागरिकों, विभिन्न संस्थाओं कला, साहित्य, संस्कृति, धर्मो, समाजों के पदाधिकारियों व राजपरिवार से जुड़े ट्रस्टों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूर्व नरेश गजसिंह को बुके प्रदान कर व मालाऐं भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर महारानी हेमलता राज्ये, बाईजीलाल शिवरंजनी राज्ये, भंवर बाईजीलाल वारा राज्ये, राजभंवर सिराजदेव भी उपस्थित थे। इस अवसर पर सूर्यवीर सिंह, आरके विक्रम सिंह, दुष्यंत सिंह भी उपस्थित थे।



**भूटान नरेश थे अतिथि :** ऐट होम के अवसर पर भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक व रानी जेत्सुन पेमा व भूटान राज परिवार के सदस्य पूर्व नरेश गज सिंह के अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भूटान नरेश ने इस अवसर पर अपने राज परिवार के साथ जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। ऐट होम के अवसर पर मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा युवराज शिवराज सिंह के 50वें जन्मोत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रम की श्रृंखला में मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट द्वारा नव वर्ष के कैलेंडर का प्रकाशन किया गया जिसका विमोचन महाराजा गज सिंह जी द्वारा किया गया। यह कैलेंडर युवराज शिवराज सिंह पर आधारित है। इस अवसर पर उम्मेद भवन पैलेस होटल के महाप्रबंधक मनू शर्मा के निर्देशन में उनकी टीम के द्वारा तैयार बेहतरीन केक काटा गया और सभी ने शुभकामनाएं दी। 150 किलो के 10 लेयर के इस केक को बनाने में 8 दिन की मेहनत लगी।

**इन्होंने दी ऐट होम पर शुभकामनाएं :** राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश मनोज गर्ग, राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अरुण मोगा, पूर्व वित्त सचिव व योजना के पूर्व उपाध्यक्ष मोंटेक सिंह अहलूवालिया राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, विधायक बाबू सिंह राठौड़, विधायक सूरसागर देवेंद्र जोशी, महापौर उत्तर कुंती देवड़ा, जिला प्रमुख पाली रश्मि सिंह, मेजर जनरल पुनीत मेहता, एयर कमांडोर श्रीराम, मानवाधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष जस्टिस गोपाल कृष्ण व्यास, पूर्व विधायक हीरालाल मेघवाल, मेजर जनरल शेरसिंह, मेजर जनरल नरपत सिंह राजपुरोहित, ब्रिगेडियर शक्तिसिंह, ब्रिगेडियर महेंद्र सिंह राठौड़, सिद्धार्थ सिंह रोहित, आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष डॉ शिव सिंह राठौड़, पूर्व जेडीए अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, राजसीको के पूर्व अध्यक्ष मेघराज लोहिया, भाजपा शहर अध्यक्ष देवेंद्र सालेचा, करण सिंह उचियारड़ा, डॉ गिरधर सिंह भाटी, डॉक्टर फतेह सिंह भाटी, उपायुक्त नगर निगम पुष्पा सिसोदिया, एडिशनल एसपी चक्रवर्ती सिंह राठौड़, एसीपी मंगेश चुंडावत, पूर्व कुलपति भंवर सिंह राजपुरोहित, डॉ अनुराग सिंह, डॉक्टर संजीव जैन, डॉक्टर राम गोयल, विनोद भाटिया, राजेंद्र गहलोत, जेएम बूब, चन्द्रा बूब, अनु मृदुल, प्रोफेसर कल्याण सिंह शेखावत, अंशु सहगल, कर्नल एस एस देवड़ा, कर्नल लक्ष्मण सिंह राठौड़, कर्नल डीएस खंगारोत, डॉ आरएल माथुर, प्रश्नपुरी गोस्वामी, भागीरथ वैष्णव, इरफान मेहर, भंवरु खान, दिलीप सिंह राजवी, कर्नल गिरेंद्र सिंह, डॉ राम सिंह मेड़तिया, डॉ गजेसिंह राजपुरोहित, गोपाल सिंह रुदिया, शक्ति सिंह रावलोत, छोटू सिंह बुचेटी, महेंद्र मेघवाल, धीरेंद्र मेघवाल, राजेंद्र बोराणा, सुरेश डोसी, नीरा सिंह, आलोक भंडारी, ज्ञानी जयपाल सिंह, मिलकेश सिंह गुरुद्वारा एयरफोर्स, शहर खतीब तैयब अंसारी, हस्तीमल सारस्वत, इकबाल खान, जितेंद्र लोढ़ा, प्रदीप सोनी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बुके भेंट कर व मालाएं प्रदान कर जन्मदिन की बधाई दी।

# निरूपा पटवा को अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** जॉयंट्स ग्रुप ऑफ़ रॉयल लेडीज की अध्यक्ष निरूपा पटवा को पहली बार एक साथ छह इंटरनेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया है।

निरूपा पटवा को बेस्ट प्रेसिडेंट, बेस्ट ग्रुप, बेस्ट ऐक्टिविटीज ऑफ़ द ईयर, बेस्ट सर्विस ऑफ़ द ईयर, बेस्ट मेम्बरशिप ग्रोइंग ग्रुप और बेस्ट स्पॉन्सर फ्रॉम टू ग्रुप के लिए सम्मानित किया गया है। राजस्थान में ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी ग्रुप को एक साथ इतने अंतरराष्ट्रीय सम्मान एक साथ प्राप्त हुए है। यह अवार्ड गांधीधाम में आयोजित जॉयंट्स ग्रुप के 49वें अंतरराष्ट्रीय वार्षिक महासम्मेलन में दिए गए।

# भांडावत खुश ए दिलान के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित



**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** काव्य संस्था खुश ए दिलान जोधपुर के त्रिवार्षिक चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हो गए है। संस्था की बैठक में नव वर्ष की शुभ कामनाओं के साथ दीपा परिहार ने नव वर्ष पर सुन्दर काव्य रचना सुनाई। गोष्ठी में संस्था के किशन लाल गर्ग ने निर्विरोध चुनाव सम्पन्न करवाए जिसमें अध्यक्ष पद पर संदीप भांडावत, सचिव पद पर डॉ. वीडी दवे, उपाध्यक्ष पद पर एडवोकेट एनडी निम्बावत व राजेश भेरवानी एवं कोषाध्यक्ष पद पर विमल श्रीवास्तव निर्विरोध चुने गये। गोष्ठी में किशन लाल गर्ग, संदीप भांडावत, डॉ. प्रोफेसर वीडी दवे, विमल श्रीवास्तव, श्याम गुप्ता, गोविन्दराम, राजेश भेरवानी, डॉ. आरएस राठौड, डॉ. तृप्ति गोस्वामी काव्यांशी, रवीन्द्र माथुर, ज्ञानेश्वरी दीक्षित, रजा मोहम्मद खां, हर्षद सिंह भाटी, लीला कृपलानी, जेके माहेश्वरी, आरआर यादव, राजेन्द्र गहलोत, छगनराज राव एवं पंकज बिंदास आदि उपस्थित रहे।

# पुष्य नक्षत्र योग में आज होगा स्वर्णप्राशन

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्वर्णप्राशन कार्यक्रम 14 जनवरी को पुष्यनक्षत्र योग में आयोजित होगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार प्रजापति ने बताया कि आम जनता में बच्चों के सर्वांगीण स्वास्थ्य में स्वर्णप्राशन के लाभ और महत्व के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये प्रति माह की भांति 14 जनवरी को जोधपुर शहर के 12 केन्द्रों पर स्वर्णप्राशन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें एम्स जोधपुर की आयुष ओपीडी में, जालोरी गेट के निकट शनिश्चर थान, सम्राट अशोक उद्यान के सामने भवानी आदर्श विद्या मंदिर, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित लवकुश गृह-नवजीवन संस्थान, बाल बसेरा सेवा संस्थान, मगरा पूंजला स्थित राजकीय किशोर बाल गृह, विश्वविद्यालय आयुर्वेद चिकित्सालय करवड़, गोद-ग्राम घड़ाव के राजकीय विद्यालय विक्टोरियन किड्स स्कूल एवं राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुड़ी भगतासनी हाउसिंग बोर्ड में आयोजित किया जाएगा। स्वर्ण प्राशन की अगली खुराक आगामी पुष्य नक्षत्र पर 11 फरवरी को उक्त सभी स्थानों पर बच्चों को पिलाई जाएगी। स्नातकोत्तर बालरोग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. हरीश कुमार सिंघल ने विभिन्न केन्द्रों पर सुचारु रूप से व्यवस्था के लिये चिकित्सकों एवं स्नातकोत्तर अध्येताओं की ड्यूटी लगाकर कार्य सम्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

# जोधपुर के भीतरी शहर में आवारा कुत्तों का आंतक

## विदेशी पर्यटक को किया जख्मी

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** शहर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। इनके शिकार होने वालों में स्कूली बच्चे और बुजुर्ग तो थे ही, अब विदेशी-देशी पर्यटक भी इनके हमलों से बच नहीं पा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया भीतरी शहर में, जहां के गेस्ट हाउस में ठहरे विदेशी पर्यटक को कुत्तों ने शिकार बना लिया।



विश्वभर में ब्लू सिटी के नाम से विख्यात जोधपुर शहर के भीतरी भाग फतेहपोल, गूंदी का मोहल्ला, पचेटिया हिल्स, नवचौकियां, माणक चौक, गुलाब सागर, उम्मेद चौक सहित आसपास के इलाके में अनगिनत गेस्ट हाउस हैं, जहां देशी-विदेशी पर्यटकों पहुंचते हैं। ऐसे इलाकों में आवारा कुत्तों की भरमार है, जो आए दिन किसी न किसी पर हमला कर घायल कर देते हैं। भीतरी शहर के एक गेस्ट हाउस में ठहरे विदेशी पर्यटक रविवार को पैदल ही शहर के दर्शनीय स्थल व बाजार देखने निकला, तो आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर जख्मी कर दिया। बड़ी मुश्किल से लोगों ने उसे छुड़ाकर वापस गेस्ट हाउस तक पहुंचाया। वहां से गेस्ट हाउस स्टाफ पर्यटक को हॉस्पिटल लेकर गए और उपचार करवाकर वैक्सीन लगवाई। गेस्ट हाउस एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि आवारा कुत्तों के आतंक से आमजन तो परेशान है ही, साथ ही पर्यटन सीजन में जोधपुर घूमने आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों में भी इनका खौफ बढने लगा है। इतना ही नहीं, इस तरह की घटनाओं से शहर की इमेज पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और इससे यहां के पर्यटन को भी खासा नुकसान हो सकता है। इसके लिए जरूरी है कि नगर निगम प्रशासन पुख्ता बंदोबस्त कर कार्रवाई करे, ताकि, यहां आने वाले पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय लोग भी खुद को सुरक्षित महसूस कर पाए।

# शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन 17 से

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शारीरिक शिक्षक संघ का प्रांतीय अधिवेशन टोंक में आयोजित होगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष हापूराम चौधरी ने बताया कि इस बार संघ के प्रांतीय अधिवेशन का दायित्व प्रांतीय कार्यकारिणी ने जिला शाखा टोंक को दिया है। आगामी 17 व 18 जनवरी को प्रांतीय अधिवेशन कृषि विभाग ऑडिटोरियम बंबोर रोड टोंक में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के सभी जिलों के शारीरिक शिक्षक भाग लेंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होंगे। अध्यक्षता अजित सिंह मेहता। विशिष्ट अतिथि विधायक राजेंद्र गुर्जर देवली व राम सहाय होंगे। दो दिनों तक होने वाले प्रांतीय अधिवेशन में शिक्षा नीति 2020, स्टाफिंग पैटर्न, खेल व खिलाडियों का विकास, खेल मैदानों को बचाना, तृतीय श्रेणी के स्थानांतरण, प्रत्येक विद्यालय में शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति सहित ज्वलंत मुद्दों पर विचार विमर्श व मंथन कर राज्य सरकार को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। अधिवेशन के दूसरे दिन नई प्रांतीय कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

# अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर में अलग-अलग स्थानों से बाइक चोरी हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाने में दी रिपोर्ट में आरके नगर बीआर बिरला स्कूल के सामने झंवर रोड निवासी महेश सोनी ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। कुड़ी भगतासनी थाने में दी रिपोर्ट में लक्ष्मी फार्म हाउस नवदुर्गा कालोनी झालामंड निवासी रोशनसिंह ने पुलिस को बताया कि नवदुर्गा कालोनी में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। खांडाफलसा थाने में दी रिपोर्ट में ईदगाह के अन्दर रहने वाले अफसर खान ने पुलिस को बताया कि तीसरी चौपासनी रोड पर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया। महामंदिर थाने में दी रिपोर्ट में नागौरी गेट पुलिस चौकी के सामने रहने वाले इंसाफ खां ने पुलिस को बताया कि घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात वाहन चोर चुरा ले गया।

# युवा सन्यासी स्वामी आदित्यवेश आज जोधपुर आएंगे

## आर्य समाज फोर्ट के 66वें वार्षिकोत्सव में करेंगे शिरकत

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** आर्य समाज फोर्ट एवं आर्य वीर दल महावीर शाखा उम्मेद चौक गोलनाडी के 66वें वार्षिक उत्सव का समापन मंगलवार शाम को होगा। समारोह में सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद राष्ट्रीय महामंत्री व युवा सन्यासी स्वामी आदित्यवेश बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।



आर्य वीर दल राजस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल आर्य ने बताया कि युवा सन्यासी स्वामी आदित्यवेश कार्यक्रम में वैदिक मंतव्यों से सभा को संबोधित करेंगे। हरियाणा धीरनवास में गुरुकुल के प्रधान स्वामी आदित्यवेश ने सार्वदेशिक सभा के प्रधान स्वामी आर्यवेश से दीक्षा लेकर आर्य सन्यासी बने। वे महर्षि दयानंद के विचारों का प्रचार प्रसार करने के साथ युवाओं को शारीरिक, आत्मिक व बौद्धिक रूप से दिक्षित कर रहे है। फोर्ट के मंत्री उम्मेद सिंह ने कहा कि वार्षिक समारोह शाम चार बजे वैदिक यज्ञ के साथ शुरू होगा। इसके पश्चात वक्ताओं का उदबोधन व कई खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। अंत में प्रसादी होगी। इससे पूर्व मंगलवार दोपहर को आर्य वीर दल राजस्थान के कार्यकारिणी की विशेष बैठक होगी।

# बड़ा रामद्वारा चांदपोल में संतों का बरसी महोत्सव आज से

## एक माह तक होंगे धार्मिक आयोजन

हुक्मनामा समाचार

**जोधपुर।** बड़ा रामद्वारा चांदपोल में 14 जनवरी से 12 फरवरी तक ब्रह्मलीन संतों का बरसी महोत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान गुदड़ी दर्शन महोत्सव के साथ कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

रामस्नेही संत हरिराम शास्त्री ने बताया कि बरसी महोत्सव में नैनी बाई रो मायरो कथा, रामायण पाठ और श्री वाणी जी पाठ होंगे। मंगलवार को सुबह नौ से दोपहर 1.30 बजे तक ब्रह्मलीन संत की गुदड़ीजी के दर्शन होंगे। वाणीजी पाठ व संतों के प्रवचन आशीर्वचन होंगे। सोलह से 20 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर एक से शाम 4.30 बजे तक भक्त चरित्र नैनी बाई रो मायरो कथा का वाचन होगा। 21 से 28 जनवरी तक भागवत सप्ताह प्रतिदिन दोपहर एक से शाम 4.30 बजे तक होगा। इक्कीस जनवरी को भागवत शोभायात्रा और 22 से 28 जनवरी तक भागवत सप्ताह प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4.30 बजे तक होगा। धार्मिक आयोजनों की कड़ी में 30 जनवरी से 7 फरवरी तक रामायण पारायण पाठ प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक और 8 से 11 फरवरी तक अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय संस्थापक स्वामी रामचरण महाप्रभु की 306वीं जयंती पर अखंड वाणीजी का पाठ व राम नाम साधना होगी। 12 फरवरी को फाग महोत्सव के साथ बरसी महोत्सव विश्राम होगा। सत्संग प्रतिदिन सुबह 10.15 से 11 बजे, वाणीजी पाठ और सूर्यास्त पर रामस्नेही परम्परा से आरती नामजप और भजन होंगे।

**संतों की गुदड़ी के होंगे दर्शन :** संत हरिराम शास्त्री ने बताया कि रामद्वारा के संस्थापक रामचरण महाराज ने संवत 1838 में अपने शिष्य भगवानदास महाराज को गुदड़ी (कंबल) भेंट की थी। उन्होंने कहा था कि आपको इस गुदड़ी को धारण कर इतने भजन कीर्तन करना हैं कि यह अमर हो जाए। इसके बाद से ही भगवानदास महाराज ने कंबल ओढक़र भजन करना शुरू कर दिया था। संवत 1859 में उन्होंने अपनी देह त्यागी थी। उनका शरीर पंचतत्व में विलीन कर रहे थे तब यह गुदड़ी भी सुरक्षित रही। इस गुदड़ी के दर्शन करने के लिए श्रद्धालु देशभर से रामद्वारा पहुंच रहे हैं।

# निजी बैंक कर्मचारी के सूने घर से चोर दो लाख की नगदी और जेवरात ले गए

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** शहर के झालामंड स्थित वायु विहार में एक निजी बैंककर्मी के मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर से दो लाख की नगदी के साथ जेवरात आदि चोरी कर गए। इस बारे में कुड़ी भगतासनी थाने में रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने मौका मुआयना के साथ अब चोरों की पहचान कर तलाश आरंभ की है।

पुलिस ने बताया कि झालामंड स्थित वायुविहार में रहने वाले अतुल कुमार पुत्र रमेश कुमार सैंगर निजी बैक में काम करता है। गत 11 जनवरी जनवरी को परिवार सहित अपने ससुराल किसी कार्यवश गया था। रात में घर सूना था। गत 12 जनवरी की शाम को लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर वहां से दो लाख की नगदी के साथ दो तीन तोला वजनी सोने-चांदी के जेवरात आदि चोरी कर ले गए। सूचना पर कुड़ी पुलिस ने मौका मुआयना किया है। मामले में पुलिस की तरफ से अब जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि बढ़ाई

**जोधपुर ( हुक्मनामा समाचार )।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 22 जनवरी कर दिया है। इस योजना के तहत राज्य के पशुपालक अपने दुधारू पशुओं का निश्शुल्क बीमा करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना का उद्देश्य राज्य के पशुपालकों को आर्थिक संबल प्रदान करना है, विशेषकर उन परिस्थितियों में जब प्राकृतिक आपदाएं, महामारी या दुर्घटनाओं के कारण पशुधन को नुकसान पहुंचता है। राजस्थान में पशुपालन ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका का मुख्य स्रोत है, और यह योजना पशुपालकों को उनके नुकसान की भरपाई के लिए आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेगी। 2019 की गणना के हिसाब से राजस्थान में देश के लगभग 11.5 प्रतिशत पशुधन है और यह राज्य पशुधन की संख्या के आधार पर दूसरे स्थान पर है। पशुपालन न केवल एक व्यवसाय है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। ऐसे में यह योजना छोटे और सीमांत पशुपालकों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिनकी आय का मुख्य स्रोत पशुपालन है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि पशुपालकों को किसी भी आपदा के समय आर्थिक समस्याओं का सामना न करना पड़े और वे अपने पशुओं की उचित देखभाल कर सकें। इस योजना के अंतर्गत पशुपालकों को अपने पशुधन का बीमा करवाने का सुनहरा अवसर दिया जा रहा है, जिससे वे प्राकृतिक आपदाओं या किसी अन्य विपरीत स्थिति में आर्थिक रूप से सुरक्षित रह सकें।


# कार्यालय पंचायत समिति-जहाजपुर

## जिला भीलवाड़ा ( राज. )

**क्रमांक:पसज/निविदा/2024-25/3268** **दिनांक : 13.01.2025**

## निविदा सूचना 2024-25/13

पंचायत समिति जहाजपुर के द्वारा निम्न कार्यों हेतु विनिर्माता/डीलर/वास्तविक आपूर्तिकर्ता/धोक विक्रेता से खुली निविदानुसार निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। संवेदक निविदा से संबंधित विवरण कार्यालय समय/वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर भी देख सकते हैं।

| क्र. सं. | सामग्री का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | धरोहर राशि (रु.) | निविदा शुल्क राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की प्रारम्भ दिनांक व समय | निविदा प्रपत्रों की भौतिक प्रतिमय निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि पंचायत समिति में जमा करवाने की अंतिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य महादेव जी के स्थान के पास ग्राम समेल का भाटा ग्राम पंचायत सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | 14.01.2025 दोपहर 1.00 बजे तक | 21.01.2025 को दोपहर 2.00 बजे तक |
| 2. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य ग्राम भवानीपुरा माताजी के स्थान के पास | 5.00 | 10000 | 400 | | |
| 3. | हाई मास्क लाईट स्थापना कार्य पटवार भवन के पास सरसिया | 5.00 | 10000 | 400 | | |

**उक्त निविदा दिनांक 21.01.2025 को दोपहर 3.00 बजे से खोली जायेगी।**

NIB-ZBL2425A0917 UBN-ZBL2425SSOB02236_38

**प्रधान**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति, जहाजपुर**

# डेढ़ माह बाद आज से फिर जयपुर के रास्ते चलने लगेगी मंडोर सुपरफास्ट

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** डेढ़ माह तक बदले मार्ग से चल रही मंडोर सुपरफास्ट ट्रेन मंगलवार से वापस अपने निर्धारित मार्ग से चलना प्रारंभ हो जाएगी। इससे जयपुर-दौसा-बांदीकुई और अलवर जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के चलते जोधपुर-दिल्ली मंडोर सुपरफास्ट सहित कुछ अन्य ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जा रहा था। वह मंगलवार से आवागमन में अपने पूर्व निर्धारित मार्ग वाया जयपुर चलने लगेगी। उन्होंने बताया कि जयपुर रेलवे स्टेशन पर एयर कोनकोर्स निर्माण के कारण ट्रेन 22996/22995 जोधपुर-दिल्ली-जोधपुर मंडोर सुपरफास्ट का 29 नवंबर से 13 जनवरी तक 46 ट्रिप के लिए आवागमन में मार्ग बदला गया था जिसके तहत ट्रेन जयपुर-दौसा-बांदीकुई व अलवर नहीं जा रही थीं। अब मंगलवार से ट्रेन निर्धारित मार्ग से चलने लगेगी। इसके साथ ही ट्रेन 20487/20488 बाड़मेर-दिल्ली-बाड़मेर मालाणी सुपरफास्ट द्विसाप्ताहिक भी अपने पूर्व निर्धारित मार्ग जयपुर के रास्ते बाड़मेर से दिल्ली चलना प्रारंभ हो गई है।



**परिवर्तित मार्ग से जोधपुर आएगी दो ट्रेनें :** उत्तर रेलवे पर तकनीकी कार्य कराए जाने के कारण जोधपुर आने वाली दो ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। डीआरएम पंकज कुमार सिंह के अनुसार उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल पर दिल्ली जंक्शन-दिल्ली शाहदरा रेलखंड में ब्रिज संख्या-250 पर तकनीकी कार्य हेतु ट्रैफिक ब्लॉक लिए जाने के कारण जोधपुर मंडल पर आने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा। उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 15624 कामाख्या-जोधपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस 17 जनवरी को परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली छावनी होकर संचालित होगी। इसी तरह ट्रेन 15014 काठगोदाम-जैसलमेर रानीखेत एक्सप्रेस 20 जनवरी को परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-दिल्ली छावनी होकर संचालित होगी।

**शालीमार एक्सप्रेस 51 ट्रिप के लिए रद्द :** बाड़मेर-जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस ट्रेन 51 ट्रिप के लिए रद्द की जा रही है। इसके साथ ही जोधपुर-जम्मूतवी मार्ग पर चलने वाली चार जोड़ी अन्य ट्रेनों का 6 मार्च तक संचालन प्रभावित होगा। उत्तर रेलवे के फिरोजपुर मंडल के जम्मूतवी रेलवे स्टेशन पर पुनर्विकास कार्य के कारण इंटरलॉकिंग ब्लॉक लिए जाने से जम्मूतवी की ओर जाने वाली ट्रेनों का संचालन प्रभावित होगा जिसके तहत दो जोड़ी ट्रेनें पूर्ण व तीन जोड़ी ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द रहेगी। उपरोक्त कार्य के कारण ट्रेन 14662 जम्मूतवी-बाड़मेर शालीमार एक्सप्रेस 15 जनवरी से 6 मार्च तक जम्मूतवी से और 14661 बाड़मेर-जम्मूतवी एक्सप्रेस 18 जनवरी से नौ मार्च तक कुल 51 ट्रिप पूरी तरह से रद्द रहेगी। इसी तरह ट्रेन 19027/19028 बांद्रा टर्मिनस-जम्मूतवी-बांद्रा टर्मिनस विवेक एक्सप्रेस साप्ताहिक बांद्रा टर्मिनस से 22 फरवरी व एक मार्च तथा जम्मूतवी से 24 फरवरी व तीन मार्च को दो-दो ट्रिप रद्द रहेगी। वहीं ट्रेन 19225/19226 भगत की कोठी-जम्मूतवी-भगत की कोठी एक्सप्रेस भगत की कोठी से 14 जनवरी से 5 मार्च और जम्मूतवी से 15 जनवरी से 6 मार्च तक आवागमन में भगत की कोठी से पठानकोट स्टेशनों के बीच संचालित होगी अर्थात ट्रेन पठानकोट से जम्मूतवी रेलवे स्टेशनों के बीच आंशिक रद्द रहेगी।

## मौसमी और संक्रामक बीमारियों के प्रबंधन पर विशेष जोर

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित नर्सेज आमुखीकरण कार्यक्रम के दूसरे बैच के तीसरे दिन यूथ हॉस्टल में डॉ. राजेंद्र तातेड़ द्वारा सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया जिसमें आपातकालीन स्थितियों में इस जीवन रक्षक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. देवेंद्र सिंह राठौड़ ने अपने सत्र में कहा कि मौसमी और संक्रामक बीमारियों के सही प्रबंधन और रोकथाम के लिए नर्सेज की भूमिका अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। नर्सिंग स्टाफ प्राथमिक स्तर पर ही इन बीमारियों का प्रभावी नियंत्रण कर सकते हैं। उन्होंने डेंगू, मलेरिया, वायरल फीवर और फ्लू जैसी मौसमी बीमारियों के लक्षण, रोकथाम और उपचार पद्धतियों को विस्तार से बताते हुए आयुर्वेदिक औषधियों और घरेलू उपायों को इन बीमारियों के प्रबंधन में कारगर बताया। डॉ. मुकेश कुमार प्रजापत ने आंचल प्रसूता केंद्र में नर्सेज के दायित्वों पर बात की। डॉ. महेंद्र कच्छवाह ने जरावस्था केयर पर चर्चा करते हुए कहा कि जरावस्था केवल चिकित्सा का विषय नहीं है, यह बुजुर्गों की गरिमा और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने का प्रयास है। डॉ. प्रेमसुख ने क्षारसूत्र शल्य चिकित्सा में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका पर प्रकाश डाला। उप निदेशक डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में आठ जिलों के सौ नव नियुक्त नर्सेज भाग ले रहे हैं।

# नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पटवारियों ने किया अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान पटवार संघ के आह्वान पर नौ सूत्री मांगों को लेकर सभी पटवारी आज से बेमियादी हड़ताल पर उतर गए।

जिला अध्यक्ष मनोहर बिश्नोई ने बताया कि गिरदावरी एप में पटवार संघ की मांग के अनुरूप आवश्यक संशोधन सहित अन्य मुद्दों को लेकर पटवारी हड़ताल पर रहे। राजस्थान पटवार संघ के बैनर तले पटवारियों ने अनिश्चितकालीन कार्य का बहिष्कार कर दिया है। प्रदेश भर में करीब साढ़े नौ हजार पटवारी हड़ताल पर चले गए है। उन्होंने बताया कि नौ सूत्रीय मांगों को लेकर पटवार संघ राजस्थान लंबे समय से आंदोलन की राह पर है। पूर्व में सरकार से मिले आश्वासन के बाद राज्य भर के पटवारी काम पर लौटे थे लेकिन सरकार की ओर से समय रहते मांगों को पूरा नहीं किया गया। जिसके चलते पटवारी वापस आंदोलन करने को मजबूर है। राजस्थान पटवार संघ की नौ सूत्री मांगों में सबसे प्रमुख मांग गिरदावरी एप को संशोधन कराने की है। वर्तमान में गिरदावरी के लिए सरकार ने एप बनाया है, जिसमें सर्वेयर के जरिए गिरदावरी करवाई जा रही है। पटवार संघ ने गिरदावरी के लिए एप में संशोधन करने और सर्वेयर की नियुक्ति न करने की मांग की है।

**ये हैं प्रमुख मांगें :** पटवार संघ की ओर से पटवारी से भू-अभिलेख निरीक्षक पद की डीपीसी और भू-अभिलेख निरीक्षक पद से नायब तहसीलदार पद की डीपीसी जो लंबित पड़ी है, उसे जल्द करने की मांग है। इसके साथ ही 752 भू-अभिलेख निरीक्षक के नए पदों के सृजन के लिए पत्रवाली एक साल से पेंडिंग पड़ी है, जिसे सरकार से जल्द क्लियर करने और नए पद सृजित करने, पटवार भवनों में फर्नीचर, लैपटॉप, कम्प्यूटर, प्रिंटर समेत अन्य सुविधाएं देने और पटवार मंडलों की संख्या बढ़ाने, नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर की जाने वाली पदोन्नति में कोटा बढ़ाने, हार्ड ड्यूटी और स्टेशनरी भत्तों में बढ़ोतरी करने, इसमें हार्ड ड्यूटी भत्ते को 2500 से बढ़ाकर 5000 रुपये करने और स्टेशनरी भत्ता को 400 से बढ़ाकर 1000 रुपये करने की मांग है।

## एमबीएम यूनिवर्सिटी में अग्नि सुरक्षा का लाइव प्रदर्शन

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** एमबीएम यूनिवर्सिटी में नगर निगम दक्षिण के सहयोग से अग्नि सुरक्षा प्रदर्शन ड्रिल का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी आर्किटेक्ट कमलेश कुम्हार ने बताया कि ड्रिल में कॉलेज के सभी छात्रों, विशेष रूप से प्रथम वर्ष के छात्रों ने भाग लिया और आपातकालीन स्थिति से निपटने के महत्वपूर्ण उपाय सीखे। नगर निगम दक्षिण की टीम ने आग बुझाने के विभिन्न तरीकों का प्रदर्शन किया और छात्रों को आग बुझाने वाले उपकरण (फायर एक्सटिंग्विशर) का सही उपयोग करना सिखाया। कार्यक्रम के दौरान टीम ने वास्तविक आग लगाकर छात्रों को आग बुझाने की प्रक्रिया का लाइव डेमो दिखाया। इस प्रदर्शन का उद्देश्य छात्रों को आग जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी तरीके से कार्रवाई करने के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी की डीन प्रोफेसर जयश्री वाजपेयी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर अरविंद कुमार और कार्यक्रम के समन्वयक, माइनिंग डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रोहित रावल उपस्थित रहे।

# यूडीआईडी कार्ड के लिए दिव्यांगजनों का किया पंजीयन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** दिव्यांगजनों को संबल प्रदान करने की दृष्टि से बीस हजार रुपए तक के अंग उपकरण उपलबध कराए जाने के लिए यूडीआईडी कार्ड जारी कराए जाने हेतु सोमवार को डॉ बीआर अम्बेडकर छात्रावास नगौरी गेट और संयुक्त निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग 11 वीं रोड सरदारपुरा में अलग-अलग शिविर आयोजित किए गए। शिविर में दिव्यांगजनों जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक है का प्रमाणीकरण कर यूडीआईडी कार्ड के लिए ऑनलाइन पंजीयन स्वावलम्बन पोर्टल पर किया गया। साथ ही दिव्यांगजनों को रोडवेज, विकलांग छात्रवृति, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना, सुखद दाम्पत्य जीवन, पालनहार व पेंशन योजना आदि के ऑनलाइन आवेदन करवाए गए तथा सहायक उपकरण के लिए चिन्हिकरण किया गया।



# डॉक्टर्स ने पहली बार सजाई सुरमयी म्यूजिकल नाईट

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जोधपुर में पहली बार आयोजित हुई डॉक्टरों की म्यूजिकल बीट - कराओके नाईट। यह सुरमयी संगीत कार्यक्रम पाल रोड स्थित मधुरम रॉयल परिसर लॉन में रविवार की रात आयोजित की गई। इस बेहतरीन आगाज़ में डॉक्टर्स ने जोश उमंग के साथ शिरकत की और गायन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।




मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य सीनियर फिजिशियन डॉ अरविन्द माथुर के मुख्य आतिथय में हुए इस म्यूजिकल नाईट में डॉ एस एन आयुविर्ज्ञान महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉ बी एस जोधा, उमेद व गाँधी अस्पताल के अधीक्षक डॉ अफ़ज़ल हकीम व डॉ एफ एस भाटी, सीएमएचओ डॉ प्रताप सिँह राठौड़, फिजिशियन, डॉ आलोक गुप्ता व डॉ विवेक भारद्वाज, एनेस्थीसियन डॉ गोपाल माहेश्वरी, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन जोधपुर के सचिव डॉ सिद्धार्थ राज लोढ़ा एवं अन्य वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

आयोजक डॉ आशीष व्यास, डॉ इमरान खान व डॉ अभिषेक शर्मा ने बताया कि देर रात करीब चार घंटे चली इस म्यूजिकल नाईट में 30 डॉक्टर्स ने अपनी प्रतिभा के साथ सुरमय फ़िल्मी गीत सुनाये। डॉ आशीष व्यास ने पर्दा हैं पर्दा, डॉ इमरान ने क्या हुआ तेरा वादा, डॉ आलोक गुप्ता व डॉ विवेक भारद्वाज ने मुकेश के गाये नग्मे सहित अन्य डॉक्टर्स ने मोहम्मद रफ़ी, किशोर कुमार, महेंद्र कपूर, मन्ना डे, मुकेश, हेमंत कुमार, अरिजीत, लता मंगेशकर, आशा भोसले आदि पाश्चर्व गायकों के नगमों की बेहतरीन प्रस्तुति कर समा बांध दिया। इस अवसर पर डॉ अरविन्द माथुर की स्मृति शेष पत्नी डॉ आशा माथुर की याद में फ़रवरी में होने वाले संभाग स्तरीय म्यूजिकल सिंगिंग कॉम्पीटिशन के पोस्टर का विमोचन किया गया। इसमें मेडिकल स्टूडेंट्स, डॉक्टर्स भाग ले सकेंगे जिसका ग्रांड फिनाले जोधपुर में एक मार्च को होगा। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत डॉ आशीष व्यास ने किया तथा आभार डॉ इमरान खान ने किया। आदित्य नारायण कल्ला ने संचालन किया।

# ठेकेदार संघ के अध्यक्ष इस्माइल व अब्बासी का किया स्वागत



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** इस्हाकिया एज्यूकेशनल सोसायटी द्वारा आज जोधपुर नगर निगम ठेकेदार संघ के लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने पर इंजीनियर इस्माइल बेग व भाजपा नेता अब्दुल रशीद अब्बासी का कौम अब्बासियान् शेखावटी गौरावाटी जुम्ले पंच संस्था के जिला अध्यक्ष बनने पर स्वागत किया गया।

इस्हाकिया एज्यूकेशनल सोसायटी के प्रशासनिक अधिकारी सैयद ताहिर अली ने बताया कि इंजि. इस्माइल बेग का स्वागत अबरार अहमद व अ. रशीद अब्बासी का स्वागत मो. उमर गोल्डन व ठेकेदार शौकत मोहम्मद व हाजी मो. आरिफ ने किया। इन दोनों का स्वागत साफा-माला पहनाकर व शॉल ओढाकर किया गया। स्वागत समारोह में सैयद ताहिर अली, मो. उमर गोल्डन, जाकिर अली चूडीगर, ग्यास मोहम्मद, डॉ. मो. इकबाल खान, साकिर शेरानी, अबरार अहमद, ठेकेदार रियाज अन्सारी आदि उपस्थित थे।

# हार्डवेयर कारोबारी से पांच लाख की धोखाधड़ी, युवती ने दिया मुनाफे का झांसा

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** शहर के एक हार्डवेयर कारोबारी से फेसबुक पर फ्रेंड बनी युवती और उसके परिचितों ने क्रिप्टो करेंसी में ट्रेडिंग के नाम पर पांच लाख रुपयों की धोखाधड़ी कर ली। पीड़ित को रुपए वापस नहीं मिलने पर अब पुलिस की शरण लेकर केस दर्ज करवाया है। प्रतापनगर पुलिस ने इसमें अग्रिम पड़ताल आरंभ की है। पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर डी-3 में रहने वाले राजेश धूत पुत्र फूलचन्द धूत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह हार्डवेयर का कारोबार करता है। गत जुलाई 2024 में उसके पास फेसबुक से स्वाति नेहा के नाम फ्रेंडशिप रिक्वेस्ट आई थी। कुछ दिनों की बातचीत के बाद स्वाति नेहा ने व्हॉट्सएप से उसके नम्बर पर मैसेज भेजा और कहा कि उसके अंकल जोकि अमेरिका में रहते हैं और उनको क्रिप्टो करेन्सी की ट्रेडिंग में बीस साल का अनुभव है। वो उसको टिप भेजते है जिसमें निश्चित लाभ होता है। स्वाति नेहा ने कहा कि आप भी इसमे पैसे लगाओं आपको भी लाभ होगा।

**विश्वास में लेकर दिया झांसा:** स्वाति नेहा ने उसे विश्वास में लेकर वेबबूल कस्टनमर सर्विस मे रजिस्ट्रेशन करवाकर लिंक भेजा। उसके बाद में स्वाति नेहा ने व्हॉट्सएप पर एक खाता संख्या फेडरल बैंक का भेजा जिसमें 50 हजार रुपए जमा करवाने का बोला था। तब खाते में आईसीआईसीआई बैंक के खाता नम्बर से सात सितंबर 2024 को 50 हजार रुपए भेजे थे। उसके बाद अन्य खाता आईसीआईसीआई बैंक के खाता नम्बर दस सितंबर 2024 को 4.50 लाख रुपए बंधन बैंक खाते में भेजे थे। स्वाति नेहा और उसके परिचितों ने ना तो लाभांश दिया और ना ही दी गई राशि वापिस लौटाई। अब तब उसकी राशि वापिस नहीं मिली है। प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तरफ से साइबर सैल में भी शिकायत दी गई है। मामले में अब अग्रिम जांच की जा रही है।

# महंत हीरादास व चिमनीदास का बरसी महोत्सव मनाया

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** बाईजी का तालाब स्थित कबीर पंथी बगेची में महंत हीरादास की 111वीं व महंत चिमनीदास की 36वीं बरसी पर बगेची में सत्संग, प्रवचन, पूजा, आरती व प्रसादी का आयोजन हुआ। बगेची के महंत रामेश्वरदास ने बताया कि इस आयोजन में फतेहसागर कबीर आश्रम के महंत राजेन्द्र दास सहित कबीर पंथ, दादू पंथ, रामसनेही संप्रदाय के रुपदास, नरेंद्र दास, अभिषेक दास सहित अनेक संत व श्रद्धालु शामिल हुए।



# राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम आयोजित



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सेखाला में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर संस्था प्रधान डॉ. महेश चन्द्र शर्मा ने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के जीवन पर संवाद स्थापित किया।

उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामीजी की राष्ट्र के प्रति सेवा, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर उनकी जीवनी पर विद्यार्थियों के लिए एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम को शिक्षक स्वरूपा राम, पूनम कंवर और प्रदीप सिंह राठौड़ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन भागीरथ प्रसाद ने किया।

# किसान नेता बलदेवराम मिर्धा की जयंती 17 को

**जोधपुर।** वीर तेजा जाट छात्रावास पावटा कार्यकारिणी की बैठक जाट छात्रावास पावटा में वार्डन अशोक कुमार चौधरी की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में 17 जनवरी को मिर्धा सर्कल पर सुबह दस बजे बलदेवराम मिर्धा जयंती मनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर माल्यार्पण किया जाएगा। साथ ही वीर तेजा छात्रावास में वाद विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।


OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR

NIB NO. : PWD2425A3732

**Notice Inviting Bid No. 34/2024-25**

Bids for 01 No. Works are invited from interested bidders upto 12.00 PM 15 Jan. 2025. Other particular of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 14.63 Lacs.

| S.No. | NIB NO | UBIN NO | Amount |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2425A3732 | PWD2425WSOB13522 | 14.63 |

DIPR/C/586/2025

(V.S. Shekhawat)
Executive Engineer
PWD, Division Beawar.

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PUBLIC HEALTH AND ENGINEERING DEPARTMENT, DIVISION BEAWAR
PHONE : 01462-294205, Email : ee.bwr.ajm.phed@rajasthan.gov.in

No. : EE/DIV BWR/2024-25/4409-25 DATED : 08/01/2025

**ONLINE NOTICE INVITING FOR TENDERS**

Online tenders are invited on behalf of the Governor of Rajsthan for the following works from enlisted contractors with the PHED Rajasthan and meeting eligibilly criteria. The tender document can be downloaded from the web site http://eproc.rajasthan.gov.in in details of the tender notification and pre-qualification criteria can also seen in NIT exhibited on web site http://sppp.rajasthan.gov.in

**NIB CODE : PHE2425A3821**

| NIT No. | Work Description | Estimated Cost (Rs. in Lacs) | Earnest Money (in Rs) in favour tender inviting authority | Tender Cost (in Rupee) in favour of tender inviting authority | Processing Charges (in Rs.) in favour of MD. RISL, Jaipur | Period of Contract |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 69/24-25 | Work for repairing and rewinding of submersible, centrifugal and mond block pump sets under various wss in Sub Division Jaitaran Under Jurisdiction Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08075) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 70/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Jaitaran Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08076) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 71/24-25 | Lowering/Unlowering at Various wss Tube well/open well in Sub Dn. Raipur Under Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08078) | 15.00 | 30000/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 72/24-25 | Work of repairing and Maintenance of Hand Pumps at various locations in Production sub Division Beawar Under Dn. Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08080) | 27.66 | 55320/- | 500/- | 500/- | 12 Months |
| 73/24-25 | Revenue work Related to water Supply I.E. Preparation of Water Bill, Distribution of Bill, Preparation of Ledger and mis Reports ETC. in Raipur City Under Jurisdiction of Division Beawar (UBN No.: PHE2425WSOB08082) | 4.90 | 9800/- | 200/- | -- | 24 Months |

**नोट :** निविदा संख्या 73/24-25 Offiline Mode में आमन्त्रित की गई है। जो कि दिनांक 17.01.2025 को दोपहर 01.00 तक बेची जाकर उसी दिन दोपहर 2.00 बजे तक निविदा बिड प्राप्त की जाकर दोपहर 03.00 बजे खोली जायेगी।

| | |
|---|---|
| निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय | 08.01.2025 से 17.01.2025 दोपहर 01.00 बजे तक |
| प्री-क्वालीफिकेशन बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.01.2025 दोपहर 03.00 बजे |

Earnest Money/Bid Security, Tender Document Cost, and RISL Charges shall be deposited through e-Challan over e-GRASS website online in Favour of Executive Engineer, PHED Division Beawar (Office ID-11132) for NIT.

| S.No. | Details | Budget Head | Deposited through online e-Challan over website e-GRASS |
|---|---|---|---|
| 1. | Earnest Money | 8443-00-108-00-00 लोक निर्माण विभाग | In Favour of Executive Engineer,PHED Division Beawar (Office ID-11132) |
| 2. | Tender Document Cost | 0075-00-800-52-01 निविदा शुल्क की प्राप्तियां | |
| 3. | RISL Charges | 8658-00-102-16-02 निर्माण विभाग | In Favour of RISL, Jaipur |

DIPR/C/479/2025

(DHANNARAM CHOUHAN)
EXECUTIVE ENGINEER
PHED DIVISION, BEAWAR

# किसानों को मिला न्याय शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी की पहल से सुलझा बिजली कंपनी का विवाद

## हड़वा गांव के किसानों को मिला न्याय

**हड़वा (हुक्मनामा समाचार)।** सोलर कंपनियों द्वारा बिजली प्लांट लगाने के विवाद में ग्रामीणों को आखिरकार राहत मिल गई है। यह मामला उस समय तूल पकड़ गया था जब सोलर कंपनियों द्वारा किसानों को उनकी जमीन पर काम करने के बदले उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा था। कई किसानों को टोकन मनी का भुगतान या तो बेहद कम किया गया, या उन्हें कोई राशि ही नहीं दी गई। इस स्थिति से परेशान होकर, गांव के सभी किसान और ग्रामीण एकजुट होकर बिचौलियों और कंपनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। लेकिन कंपनी अधिकारियों ने किसानों के आरोपों को नकारते हुए यह दावा किया कि किसानों को उचित भुगतान किया जा चुका है। इतना ही नहीं, कंपनी ने ग्रामीणों को धमकाते हुए वहां से वापस भेज दिया। कंपनी के इस व्यवहार से आहत और नाराज ग्रामीणों ने 5 दिसंबर से सोलर कंपनियों और बिचौलियों के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान बिजली कंपनी ने कई बार किसानों की जमीन पर मशीनें भेजकर जबरन काम शुरू



करने की कोशिश की। यहां तक कि प्रशासन के साथ मिलकर बिजली कंपनियों द्वारा किसानों पर तरह तरह के दबाव भी बनाए गए, जिसमें कहा गया कि अगर वे कंपनी के कार्यों में बाधा डालते हैं, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इन कठिन परिस्थितियों में, ग्रामीण अपनी समस्या लेकर शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी के पास पहुंचे। विधायक ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई बार किसानों और सोलर कंपनियों के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश की। लेकिन जब सोलर कंपनियों ने किसानों की वाजिब मांगों को मानने से इनकार कर दिया, तो विधायक ने ग्रामीणों के साथ खड़े रहने का निर्णय लिया। लगातार 40 दिनों तक धरना जारी रहा। इस दौरान विधायक रविन्द्र सिंह भाटी किसानों के साथ पूरी मजबूती से खड़े रहे और हर मंच पर उनकी आवाज उठाई। अंततः, किसानों की एकजुटता और विधायक के प्रयास रंग लाए। सोलर कंपनियों ने सभी मांगों को स्वीकार करते हुए यह निर्णय लिया कि जिन किसानों की जमीन पर बिजली कंपनी का काम किया जा रहा है, उन्हें 20 जनवरी तक 3,500 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से टोकन मनी का भुगतान किया जाएगा। इसके अलावा, सोलर कंपनियों ने गांव के विकास के लिए पंचायत को सीएसआर फंड के तहत 3.5 करोड़ रुपये देने का भी वादा किया। अन्य मांगों में ग्रामीणों को प्लांट पर होने वाले काम में लोकल को प्राथमिकता के साथ रोजगार प्रदान करना, और पंचायत के साथ मिलकर गांव के समग्र विकास की योजनाएं बनाना शामिल है। इस ऐतिहासिक समझौते के बाद, हड़वा गांव के ग्रामीणों ने शिव विधायक रविन्द्र सिंह भाटी का हृदय से धन्यवाद किया। ग्रामीणों ने कहा कि विधायक ने उनकी जायज मांगों के लिए हर संभव प्रयास किया और अंत तक उनके साथ खड़े रहे।

## आर आर क्लब बनी विजेता

## वाल्मीकि समाज क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शानदार समापन

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर वाल्मीकि समाज द्वारा आयोजित जिला फलोदी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शानदार मुकाबले के साथ हुआ , फाइनल मुकाबले में आर आर क्लब विजेता रही व आरके टाइगर ने उप विजेता का स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को ट्रॉफी गजेंद्र जोशी युवा नेता भारतीय जनता पार्टी व संतोष कुमार लखन (पूर्व पार्षद) के हाथ से प्रदान की गई व उप विजेता टीम को ट्रॉफी मनोहर घुसर,जितेन्द्र लखन व चम्पा लाल लखन के हाथ से प्रदान की गई। इस प्रतियोगिता में मेन ऑफ द सीरीज रहे ऋतिक बाराशा को बल्ला गिरधारी लखन के हाथ से भेंट करवाया गया, बेस्ट बल्लेबाज रहे अर्जुन लखन को ट्रॉफी रणजीत सांगेला के हाथ से व बेस्ट बॉलर की ट्रॉफी ऋतिक बाराशा को गणेश पंडित के हाथ से भेंट किया गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद व राष्ट्रीय वंचित लोक मंच के प्रदेश महासचिव संतोष कुमार लखन, भारतीय जनता पार्टी के



युवा नेता गजेंद्र जोशी,धनराज जावा,चम्पा लाल लखन, मनोहर घुसर,जितेन्द्र लखन, रणजीत सांगेला,रमेश बाराशा, नटवरलाल लखन, हरीश पंडित पुनासर,गोपाल लखन, भाटीराम जावा, चेतन राम लखन, मुकेश हंस, प्रकाश लखन, कँवरलाल रल, विकाश लखन, अकलेश जावा,सौरभ बाराशा,अशोक बाराशा, विजय लखन, कुनाल लखन, जयकिशन लखन, प्रेम खांगटा, नरपत लखन आदि मौजूद रहे। आयोजनकर्ता जसराज लखन व ऋतिक बाराशा ने पधारने वाले सभी लोगों का धन्यवाद अर्पित किया।

## तुलसी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 107 बालिकाओं को स्वेटर भेंट



**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के राईकाबाग स्थित पीएमराजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एसएमबी फलोदी में सोमवार 13 जनवरी 2025 को कक्षा 1 से 5 की कुल 107 बालिकाओं को आर.टी.एम.टी. के तत्वाधान में तुलसी चैरिटेबल ट्रस्ट सरदारपुरा जोधपुर की ओर से स्वेटर भेंट किए गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष एच.के. जसमतिया एवं इनके सहयोगी अरविंद सोनी उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती कांता पंवार ने इनका धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन गणेश तंवर उपप्राचार्य ने किया, इस अवसर पर भजनलाल, सरस्वती राजपुरोहित, मनीषा गोदारा, कल्पना शर्मा एवं अन्य स्टाफ के साथ अभिभावक भी मैजूद रहे।

## एसीजेएम द्वारा रैन बसेरा के औचक निरीक्षण में मिली अव्यवस्था

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मुख्यालय पर सन्चालित रैन बसेरा का सोमवार को एसीजेएम तरुण कांत तिवारी एवम बार एसोशिएशन फलोदी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया , निरीक्षण के दौरान वहाँ पर काफी कमियां पाई गई जिसका उन्होंने जल्द निस्तारण करवाने का आश्वासन दिया। नगरपरिषद द्वारा संचालित टाउन हॉल के पास रैन बसेरा का सोमवार को एसीजेएम तरुण कांत तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया, उन्होंने वर्तमान में पड़ रही तेज सर्दी और शीतलहर में वहाँ आने वाले जरूरतमंद व्यक्ति को क्या सुविधा मिलती है और क्या कमियां है , इस मामले की सारी जानकारी वहाँ उपस्थित संचालक से ली। पूछताछ में पता चला कि वहां बिस्तर बहुत कम है और जो है वे भी गंदे मैले व फट्टे हुए है, इसी तरह पलंग का पूछा गया तो बताया कि कुछ पलंग रैन बसेरा में तथा कुछ नगरपरिषद कार्यालय में रात्रि ड्यूटी करने वाले लेकर चले गए है। न्यायाधीश द्वारा वहाँ ठहरने वालो के लिए गरम पानी के बारे में पूछा गया तो बताया गया कि गर्म पानी के साधन काफी बार मांगे पर अभी तक मिले नहीं है। न्यायाधीश द्वारा सारी जानकारी लेकर जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया। इस दौरान एसीजेएम तरूण कांत तिवारी, अधिवक्ता संस्थान अध्यक्ष ललित जोशी, कोषाध्यक्ष विजय ओझा, महेश मीणा आदि उपस्थित रहे।

## पीपाड़ शहर का एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हुआ

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** बैंक अधिकारी बनकर पीपाड़ शहर के एक व्यक्ति से साइबर ठगों द्वारा 48 हजार 649 रूपये की ठगी की गई वही परिवादी द्वारा 1930 पर शिकायत दर्ज करवाने पर साइबर सैल ग्रामीण द्वारा पूर्ण राशि होल्ड करवाई व परिवादी के खाते में रिफंड करवाने मे भी सफलता प्राप्त की है।जिला पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण राममूर्ति जोशी ने बताया कि परिवादी दिलखुश कच्छावाह निवासी पीपाड़ शहर से बैंक अधिकारी बन क्रेडिट कॉर्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर फ्रॉडस्टर द्वारा 48 हजार 649 रूपये का फ्रॉड कर लिया गया। परिवादी ने 1930 पर शिकायत दर्ज करवाई,जिस पर त्वरित कार्यवाही के साथ साइबर सैल द्वारा संबंधित बैंक/वॉलेट से संपर्क कर सम्पूर्ण राशि होल्ड करवाकर परिवादी के खाते में वापिस रिफण्ड करवाने में सफलता प्राप्त की हैं। उधर उक्त कार्यवाही में कानि पुखराज व दयाल सिंह की मुख्य भूमिका रही है।

## शीत लहर के मद्देनजर विद्यालय समय परिवर्तित

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में शीत लहर के मद्देनजर शिक्षा विभाग द्वारा सभी राजकीय एवं निजी विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। जिला शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुशील कुमार यादव के निर्देशानुसार मौसम विभाग द्वारा जारी शीतलहर, ठंड के प्रभाव से बचाव एवं विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के मद्देनजर जिले में संचालित कक्षा 01 से 08 तक समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का 14 से 15 जनवरी तक विद्यालय समय प्रातः 11 बजे से सांय 4 बजे तक किया जाता हैं। उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कार्मिकों को विद्यालय में यथावत पूर्व समय पर उपस्थिति देने के निर्देश दिए।

## कुरजा महोत्सव अब फरवरी माह में होगा

# फलौदी दुर्ग में हस्तशिल्प प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजनः जिला कलक्टर

**फलौदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक सोमवार को जिला कलक्टर एच.एल अटल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने पर्यटन विभाग के उप निदेशक भानु प्रताप सिंह को फ़रवरी माह में कुरजा महोत्सव आयोजित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही फलौदी दुर्ग में हस्त शिल्प प्रदर्शनी व सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के लिए आवश्यक निर्देश दिए। दुर्ग में आयोजित होने वाली हस्तशिल्प प्रदर्शनी के लिए उद्योग महाप्रबंधक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उप निदेशक पर्यटन को सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने उपनिदेशक पर्यटन को सम्पूर्ण कार्यक्रम की




कार्ययोजना तैयार करते हुए बर्ड वाचिंग, हवेलियों का भ्रमण, बीएनएचएस द्वारा कार्यशाला, हस्त शिल्प प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण गतिविधियां शामिल करने के निर्देश दिए। पर्यटन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण फलौदी जिले की वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने तथा फलौदी के दर्शनीय स्थलों के बारे में व्यापक प्रचार के लिए जिला कलक्टर ने पर्यटन विभाग को वेब पोर्टल पर सभी जानकारियों का समायोजन करने के निर्देश दिए।

इस दौरान उन्होंने राइजिंग राजस्थान में पर्यटन विभाग के एमओयू की समीक्षा करते हुए समय पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रभावी तरीके से निर्धारित बिंदु वार जांच करने तथा नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग एसीएफ को खीचन में ईको ट्रेल तथा कानासर व जाम्बा में बर्ड वाचिंग केंद्र का प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग अधिशाषी अभियंता को खीचन जाने वाले मार्ग के पेच वर्क करवाते हुए दुरुस्त करवाने तथा मुख्य मार्गों पर खीचन ग्राम की दूरी व शोभा को प्रदर्शित करने वाले साइन बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। बैठक में उप निदेशक भानु प्रताप सिंह,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ललित कुमार गर्ग, एसीएफ कृष्ण कुमार व्यास सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## न्यूज विंडो

### रोजगार सहायता शिविर का आयोजन 17 जनवरी को होगा

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फलौदी के परिसर में 17 जनवरी को कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फलौदी) एवं जिला प्रशासन, फलौदी के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन होगा। संस्थान के अधीक्षक मनमोहन चौहान द्वारा बताया गया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार नवगठित जिला फलौदी में 17.01.2025 को कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग (राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फलौदी) एवं जिला प्रशासन, फलौदी के संयुक्त तत्वाधान में रोजगार सहायता शिविर का आयोजन होगा। उक्त शिविर में तकनीकी एवं गैर तकनीकी 20 से अधिक कंपनियां भाग लेगी जो दसवीं / बारहवीं / स्नातक/आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/बीटेक आदि पासआउट आशार्थियों को उसी दिन चयन कर रोजगार देगी। उक्त शिविर दिनांक 17.01.2025 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फलौदी के परिसर में प्रातः 11:00 बजे से साय: 04 बजे तक आयोजित होगा। इच्छुक आशार्थी अपने सभी शैक्षणिक / तकनीकी मूल दस्तावेज एवं उनकी फोटो प्रति व पासपोर्ट साइज फोटो, रिज्यूम / सीवी साथ लेके आवें।

### पूर्व सैनिक संगठन 15 को मनाएंगे सेना दिवस

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व सैनिक संगठन के सचिव हवलदार अशोक सेन ने बताया की 15 जनवरी बुधवार सुबह 11:30 बजे रामेलाव तालाब के पास स्थित वैद सेन समाज बगेची में सेना दिवस मनाएंगे सभी पूर्व सैनिक केप व मेडल लगाकर उपस्थित रहेंगे।

*पांच दिवसीय आत्म कल्याण सत्संग महोत्सव का समापन आज*

### सुबह 10 बजे वाणी जी महाराज का उच्छब महोत्सव पश्चात पूर्ण आरती होगी

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के स्वर्णकार समाज भवन परिसर में आयोजित पांच दिवसीय भव्य आत्म कल्याण सत्संग महोत्सव का मंगलवार को दोपहर समय पूर्ण आरती व प्रसादी वितरण के साथ सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में समापन होगा।आयोजनकर्ता सुनिल कुमार टाक ने बताया कि सतगुरु विनोद बाईसा महाराज मेड़ता शहर के सानिध्य में अंतिम दिन सुबह 10 बजे वाणीजी महाराज का भव्य उच्छब महोत्सव व संत्सग का आयोजन होगा,साथही अंत में दोपहर समय पूर्ण आरती के साथ संतों को विदाई भी दी जाएगी। उधर सोमवार को सतगुरु विनोद बाईसा ने सतगुरु सुखराम महाराज की अणभै वाणी पर आत्म कल्याण हेतु सत्संग दोरान कहा कि जीवन बिना भक्ति मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है इसलिए मनुष्य जीवन में अपने देनिक दिन चर्या के साथ साथ कुछ समय अपने प्रभु की भक्ति में लगाने का आह्वान किया।इस दोरान सदगुरु विनोद बाईसा ने सभी भक्तों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि मकर संक्रांति जेसे पावन अवसर पर भी संत्सग के अंतिम दिन अधिक संख्या में भाग लेकर संत्सग का अधिकाधिक लाभ भी उठाना चाहिए। भव्य आयोजन गुरुवार से शुरू होगा वही शहर के सभी धर्म प्रेमी नागरिक सत्संग का अधिकाधिक लाभ उठाने के साथ सत्संग का आनंद लेने की अपील भी की गई है।वही समाजसेवी स्व वैध रामकिशोर शास्त्री की मधुर स्मृति में पांच दिवसीय संत्सग दोरान पूर्व चैयरमेन लक्ष्मी देवी टाक प्रभाकर टाक निर्मल कुमार टाक दीप नारायण आसोपा रामकिशोर सोनी वल्लभ राज चौधरी गोविन्द गोरव रिषी टाक के अलावा गणमान्य नागरिक व भारी संख्या में श्रद्धालुगण भी उपस्थित थे।

### सुंदरकांड मंडल के कानसिंह अध्यक्ष व अशोक जांगला कोषाध्यक्ष चुने गए

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** सुंदरकांड मंडल सोजत रोड़ के अध्यक्ष पद पर कानसिंह व कोषाध्यक्ष पद पर अशोक जांगला को चुना गया।शीघ्र ही मंडल के सदस्यों की बैठक आयोजित कर कार्यकारिणी का विस्तार किया जायेगा। बैठक मे आगामी अखण्ड रामायण पाठ 27 व 28 दिसम्बर को किये जाने का प्रस्ताव सर्व सम्मति से लिया गया।इस मौके सदस्य करण सिंह सांखला, विष्णु लाल गजेन्द्र सोनी आकाश बोराणा नरेन्द्र गिरि कैलाश नाथाराम निर्मल चंद्रप्रकाश महिला दल से सुमित्रा शर्मा रेनू शर्मा निर्मला शर्मा शकुन्तला सीमा आदि मौजूद थे।

### समाजसेवी स्व सुरेश सेवग की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर निवासी रहे समाजसेवी भामाशाह स्व सुरेश कुमार सेवग की पुण्यतिथि सामाजिक सरोकार के साथ मनाई गई तथा स्व सेवग की पुण्य स्मृति में दो दिवसीय आयोजन दोरान पहले दिन नैत्र जांच शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सात सो मरीजों की जाच के साथ दो सो मरीजों की आखो के आपरेशन भी किए गए है।वही दूसरे दिन रविवार को पुण्यतिथि के पावन अवसर पर सर्व प्रथम सुबह 10 बजे स्व सुरेश सेवग मिनी बस स्टैंड परिसर में पंडित ओम पुजारी के सानिध्य में विशेष पूजा अर्चना पश्चात महेश कुमार सेवग व पार्षद नरेंद्र सांघी द्वारा स्व सेवग की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मोन रखकर उपस्थितजनों द्वारा स्व सेवग को श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रृद्धा के साथ याद किया गया। वही सेवग परिवार द्वारा इस अवसर पर इंदिरा रसोई मे सुबह व सांय समय जरुरतमंदों के लिए भोजन की व्यवस्था के अलावा शहर की प्रमुख गोशालाओ मे गोवंश को चारा भी खिलाया गया है।

## राष्ट्रीय युवा सप्ताह

## स्वामी विवेकानन्द के आर्दशो को अपने जीवन में उतारेंः लखावत

**सोजत (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,सोजत में राष्ट्रीय युवा सप्ताह मुख्य अतिथि अनोपसिंह लखावत एवं विशिष्ट अतिथि समाज सेवी हीरा सिंह सांखला के सानिध्य में मनाया गया यह जानकारी देते हुए जय प्रकाश शर्मा, अधीक्षक के निर्देशन में राजकीय औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय युवा सप्ताह एंव व्यावसायिक कौशल प्रदर्शनी / खेलकूद प्रतियोगिता 12 जनवरी से आयोजित हुई जो 18 तक चलेगी इसी क्रम में 13 जनवरी को संस्थान के प्रभारी दिलीप कुमार व.अनु. ने मुख्य अतिथि भामाशाह अनोप सिह लखावत,



हीरासिंह सांखला समाज सेवी, को साफा पहनाकर स्वागत किया गया तथा मुख्य अतिथि लखावत द्वारा प्रशिक्षणार्थियो को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाले लाभ के बारे में अवगत कराया। तथा स्वामी विवेकानन्द के आर्दशो को अपने जीवन में उतारने की सीख दी तथा विभिन्न व्यवसायों द्वारा बनाये गये मॉडल, प्रदर्शनी व चार्ट आदि का अवलोकन किया गया एवं प्रशिक्षणार्थियो की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के दरियाव मोर्य क.अनु. एवं देवेन्द्र सिंह व.सहा. आदि उपस्थित थे।

# भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन जनों की मौत

**पदमपुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगानगर मार्ग पर लोहड़ी के दिन सुबह करीब 7 बजे गांव 16 बीबी के पास श्री गंगानगर से पदमपुर आ रही राजस्थान रोडवेज बस व बोलोरो गाड़ी की आमने-सामने भीषण टक्कर से एक ही परिवार के तीन जने की मृत्यु हो गई जबकि दो महिलाऐ गंभीर रूप से घायल होने पर उन्हें जिला मुख्यालय पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया । गांव 33 एमएल रायसिहनगर भीषण सड़क हादसा हो गया ।




जिसमें दो पुरुष व एक महिला की मौत हो गई । गांव 33 एल एल रायसिहंनगर सोमवार को पंजाब में शोक व्यक्त करने के लिए बोलोरो गाड़ी से सुबह एक परिवार के 7 - 8 महिला पुरुष पदनपुर माग पंजाब जा रहे थे कि गांव 16 व 17 बीवी के वास बस व बोलेरो गाडी से आमने - सामने भीषण टक्कर होने पर बोलेरो गाडी मे बैठी महिला स्वर्ण जीत कौर व बादल सिंह , गुरचरण सिंह की घटना स्थल पर मौत हो गई ।बिसन हादसे में बोलोरो गाड़ी के चिथड़े उड़ गए क रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया । सड़क हादसे मे अन्य घायलो को पदमपुर राजकीय चिकित्सालय मे लाया गया है जहा प्राथमिक उपचार के बाद दो महिलाओं को रेफर कर दिया गया ।

मृतकों का पोस्टमार्टम कर ने शवो को परिजनों को सोप देने के बाद गमगीन माहौल में नम आंखों से उनका अंतिम संस्कार गांव में किया गया ।घटनास्थल का मौका मुआवाना पुलिस विभाग के सीओ संदीप चौहान श्रीकरणपुर व थाना प्रभारी सुरेंद्र राणा, एसडीएम अजीत गोदारा , तहसीलदार दर्शना देवी ने कर विभागीय जांच शुरू कर दी ।

राजकीय चिकित्सालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष अंशु बिलंदी सहित मंडी व ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों ने इस दुखद हादसे पर गहरी चिंता व्यक्त की । सीओ संदीप चौहान ने बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों को जागरूक करने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है किंतु इसके बावजुद बहुत से वाहन चालक नियम कायदों को ताक पर रख लापरवाही से वाहन चलाते समय ओवरटेक कर सड़क दुर्घटनाओं को जानबूझकर निमंत्रण देते हैं ।

उन्होंने भारी वाहन व अन्य वाहन चालकों सेआग्रह किया कि वो वाहन चलाते समय यातायात नियमों की पालना करे और घने कोहरे का बचाव करते हुए जरूरत पड़ने पर मार्ग पर वाहन को संचालित करे कभी भी ओवरटेक ना करे ।

## पशु कल्याण पखवाड़ा आज से

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में 14 जनवरी से 30 जनवरी 2024 तक पशु कल्याण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस पखवाड़े के दौरान विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के साथ-साथ जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दया भाव जाग्रत करने की दृष्टि से विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर आमजन को जागरूक करने का प्रयास करेंगें। पशुपालन मंत्री ने बताया कि इस अवसर पर पशुपालक गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा, जिसमें पशुपालकों को सामान्य रोगों की जानकारी के साथ पशु क्रूरता निवारण के उपायों, उचित पषु प्रबन्धन एवं पशु कल्याण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जायेगी। सम्पूर्ण प्रदेष में बांझ निवारण, पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर अधिकाधिक संख्या में पशुओं को लाभान्वित भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पखवाड़े के दौरान पशु चिकित्सकों द्वारा राज्य की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में व्याख्यानों के माध्यम से जीव जन्तुओं के प्रति पशु क्रूरता निवारण पर जानकारी दी जायेगी। साथ ही शिक्षण संस्थाओं के सहयोग से पशु कल्याण विषय पर आधारित चित्रकला एवं वाद विवाद प्रतियोगितायें भी आयोजित की जायेंगी। जोराराम ने बताया कि पशु कल्याण पखवाडे के दौरान आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी सर्वोदय दिवस के अवसर पर राज्य में पशु पक्षियों का वध तथा मांस बिक्री अनिवार्य रूप से प्रतिबन्धित रहेगी। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने स्वयंसेवी संस्थाओं तथा गैर सरकारी संस्थाओं का भी आह्वान किया कि वे पखवाड़े के दौरान मूक पषु पक्षियों की सेवा के इस पुनीत कार्य से जुड़कर अपना योगदान दें।

## नवजात रोती रही और चूहे उसे खाते रहे, कड़ाके की ठंड में झाड़ियों में पड़ी थी

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** कड़ाके की ठंड में नवजात बच्ची को कोई झाड़ियों के बीच खुले प्लॉट में फेंक गया। चूहों ने उसे खा-खाकर लहूलुहान कर दिया। बच्ची के रोने की आवाज सुनकर कुछ लोग पहुंचे। सामने का दृश्य देखकर उनके होश उड़ गए। बच्ची जमीन पर बिना किसी कपड़े के पड़ी थी। उसके शरीर पर जगह-जगह गहरे जख्म हो गए थे। उसे फौरन हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टरों ने उसे 40 टांके लगाए हैं। फिलहाल वह आईसीयू में भर्ती है। मामला अजमेर के सिविल लाइन इलाके का है। सिविल लाइन थाना अधिकारी छोटू लाल ने बताया- नवजात बच्ची कुंदन नगर रोड पलटन बाजार स्थित शराब ठेके के पास रेलवे की दीवार के पीछे मिली थी। पुलिस कंट्रोल रूम में प्राइवेट बस के ड्राइवर नंदू ने सूचना दी थी। नंदू ने बताया था कि रविवार तड़के करीब 4 बजे कुंदन नगर रोड के पलटन बाजार स्थित शराब ठेके के पास बस रोकी थी। मैं गाड़ी से उतरकर टॉयलेट करने टूटी दीवार की ओर गया।

### विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल

# विधानसभा में होगा पेपरलैस कार्य

### विधायकों को आइपेड पर नेवा का प्रशिक्षण कल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के अथक प्रयासों से सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के तीसरे सत्र के लिए विधायकगण विधान सभा सदन से संबंधित कार्यों में सूचना तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। विधायकगण नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पद्धति से कार्य सम्पादित करेंगे। ऑनलाइन कार्य सम्पादन में उत्कृष्टता लाने के लिए विधायकगण बुधवार 15 जनवरी को दोपहर 12ः30 बजे से सदन में आइपेड पर भौतिक प्रशिक्षण भी लेंगे।

अध्यक्ष देवनानी ने बताया कि राजस्थान विधान सभा के सदन को नये कलेवर में तैयार किया गया है। सदन में विधायकगण की सीटों पर आइपेड लगाये गये हैं। अब राजस्थान विधानसभा को पेपरलैस बनाने की दृष्टि से सोलहवीं विधानसभा के तृतीय सत्र से नेशनल ई-विधान एप्लिकेशन (नेवा) लागू किया जाएगा। विधानसभा का प्रत्येक सदस्य इस एप्लिकेशन के माध्यम से सदन से जुडी सभी जानकारी आईपेड पर देख सकेंगे।

### राजस्थान विधान सभा का प्रत्येक सदस्य करेगा सूचना तकनीक का उपयोग

देवनानी ने बताया कि विधायकगण मोबाइल से भी नेवा एप्लिकेशन एप द्वारा विधान सभा को ऑनलाइन प्रश्न प्रेषित कर सकते है। राजस्थान विधान सभा का सदन हाइटेक हो रहा है। सदन से संबंधित कार्य ऑनलाइन सम्पादित हो रहे है। नेवा के तहत विधान सभा को प्राप्त हुए 800 प्रश्न - राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के तहत विधान सभा को तारांकित और अतारांकित प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो रहे हैं। अभी तक विधान सभा को 800 प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हो गए है। उन्होंने बताया कि गत 9 जनवरी को नेवा पर पहला प्रश्न ऑनलाइन प्राप्त हुआ था। देवनानी ने कहा कि अब राजस्थान के सभी विधायकगण विधानसभा को नेवा पर ऑनलाइन प्रश्न भेज रहे हैं। विधायकगण द्वारा विधान सभा संबंधी कार्यों के सम्पादन में सूचना तकनीक के उपयोग किये जाने पर अध्यक्ष देवनानी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश के लिए यह शुभ संकेत है।

## जल महल की पाल पर आज आयोजित होगा पतंग उत्सव

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी लेंगी भाग

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की उपस्थिति में मंगलवार, 14 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक आमेर रोड, जल महल की पाल पर काइट फेस्टिवल आयोजित होगा। पर्यटन आयुक्त विजय पाल सिंह ने बताया कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों पर भव्य काइट फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा हैं, फेस्टिवल में देशी-विदेशी पर्यटक और आम जन आमंत्रित हैं। आयुक्त ने बताया कि राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा उक्त कार्यक्रम का आयोजन जयपुर जिला प्रशासन एवं जयपुर नगर निगम (विरासत) के सहयोग से किया जा रहा है। इसमें देशी और विदेशी पर्यटकों के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है पर्यटन उपनिदेशक उपेन्द्र सिंह ने बताया कि फेस्टिवल के दौरान पतंगों की प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इस अवसर पर पतंग बनाने की विधा का प्रदर्शन किया जाएगा। फैंसी पतंगबाजी का प्रदर्शन भी किया जाएगा। पर्यटकों के लिए पतंग, पारंपरिक व्यंजन व ऊँट गाड़ी सवारी की नि:शुल्क व्यवस्था भी रहेगी।

## बीएपी को मिला राज्य पार्टी का दर्जा

**डूंगरपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भारत आदिवासी पार्टी(बीएपी) को राज्य पार्टी का दर्जा मिल गया है। बीएपी सांसद राजकुमार रोत ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बीएपी के राजस्थान में एक सांसद और 4 विधायक हैं। भाजपा-कांग्रेस के बाद वर्तमान में यह प्रदेश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

बीएपी से बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा निर्वाचन आयोग की ओर से बीएपी को राज्य पार्टी का दर्जा प्राप्त होने पर पार्टी के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और मतदाताओं को धन्यवाद। दिन-रात मेहनत करके बहुत कम समय में पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा दिलवाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। बीएपी ने पिछले दिनों ही जयपुर में प्रदेश स्तरीय कार्यालय का भी उद्घाटन किया था। निर्वाचन आयोग किसी भी पार्टी को राज्य पार्टी का दर्जा उसके नियमों में आने पर देता है। बीएपी के राजस्थान में एक सांसद के साथ ही 4 विधायक है। इसमें बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से राजकुमार रोत सांसद, जबकि चौरासी से अनिल कटारा, आसपुर से उमेश डामोर, धरियावद से थावरचंद डामोर और बागीदौरा से जयकृष्ण पटेल विधायक हैं।

## कोटा में पत्नी के सामने नहर में कूदा पति

### 10 घंटे बाद 2 किमी. दूर मिला शव

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** बच्चों को समझाने के दौरान पत्नी से हुई कहासुनी में पति ने आवेश में कार तेज भगा दी। पत्नी चीखी तो कार रोक कर भागा और नहर में छलांग लगाकर जान दे दी। इसके बाद पत्नी ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी और मौके पर रेस्क्यू के लिए निगम की टीम को बुलाया गया। लेकिन, अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू नहीं हो सका। इसके बाद निगम की टीम ने सोमवार सुबह 10 घंटे बाद नहर में 2 चरूदूर शव को निकाला गया। युवक के सोशल मीडिया पर अपने परिवार के लिए एक इमोशनल पोस्ट भी की गई। यह पोस्ट सुसाइड से पहले की बताई जा रही है। मामला कोटा के कुन्हाड़ी थाना इलाके का बायीं मुख्य नहर का रात 10 बजे का है। युवक का शव आज 8 बजे निकाला गया।



**पत्नी के सामने नहर में कूदा**

कुन्हाड़ी थाना सीआई अरविंद भारद्वाज ने बताया- देर रात रघुनंदन उर्फ निक्की (28) निवासी चेचट के नहर में कूदने की सूचना मिली थी। वह अपने ससुराल सकतपुरा से अपनी पत्नी पिंकी (44) के साथ लौट रहा था। वह पिछले 3 साल से अपनी पत्नी पिंकी के साथ अफोर्डेबल आवासीय योजना कंसुआ में किराए से रह रहा था। कंसुआ की ओर लौटते समय दोनों पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। रघुनन्दन ने बूंदी रोड पर बायीं नहर में कूदकर जान दे दी। पत्नी पिंकी और बच्चे भी मौके पर ही मौजूद थे। रात होने के कारण रेस्क्यू अभियान नहीं चलाया जा सका। सुबह निगम की टीम ने शव को घटनास्थल से 2 किमी दूर नहर से बाहर निकाला। शव को एमबीएस अस्पताल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया गया है।

**पत्नी ने टोका तो कार भगाई, नहर में छलांग लगाई** मामले को लेकर रघुनन्दन की पत्नी ने बताया- रविवार को खाना खाने और बच्चों को छोड़ने मायके काली बस्ती आए थे। रात को खाना खाकर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान पति बच्चों को समझाने लगे तो मैंने टोका था। इसी बात से गुस्सा होकर रघुनंदन कार को तेज गति से दौड़ाने लगे। मैंने चिल्लाकर गाड़ी रोकने को कहा। तो बोले- मैं गाड़ी आज नहर में कुदाऊंगा। इसके बाद जैसे-तैसे उनसे गाड़ी रुकवाई। गाड़ी के रूकते ही मैंने चाबी निकाल ली थी।

## एसडीएम थप्पड़ मामले में एसीजीएम कोर्ट में चालान पेश

**टोंक(हुक्मनामा समाचार)।** देवली-उनियारा विधानसभा उपचुनाव में सेक्टर मजिस्ट्रेट अमित चौधरी (मालपुरा एसडीएम) को थप्पड़ मारने के मामले में नगरफोर्ट थाना पुलिस ने सोमवार को चालान पेश किया है। निर्दलीय प्रत्याशी रहे नरेश मीणा के उनियारा एसीजीएम कोर्ट में पैरवी करने वाले एडवोकेट रामस्वरूप मीणा ने बताया कि जांच अधिकारी उनियारा डीएसपी रघुवीर सिंह भाटी की ओर से घटना के 60 दिन बाद मुकदमा नंबर 166 में एसीजेएम कोर्ट में चालान पेश किया है। अन्य मामलों में अभी चालान पेश नहीं किया है। एडवोकेट मीणा ने बताया कि एसडीएम अमित चौधरी ने नरेश मीणा सहित अन्य लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कराया था। अनुसंधान अधिकारी ने जांच के बाद आज नरेश मीणा के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। इस मामले में 15 जनवरी को सुनवाई होगी।

## ट्रेनी-एसआई को ट्रेनिंग रुकने के बाद भी मिल रही सैलरी

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** एसआई भर्ती-2021 के ट्रेनी सब इंस्पेक्टर को फील्ड ट्रेनिंग रुकने के बाद भी सैलरी मिल रही है। इसके खिलाफ मामले से जुड़े याचिकाकर्ता कैलाश चंद शर्मा ने हाईकोर्ट में प्रार्थना पत्र दायर करने की तैयारी है। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि ट्रेनी एसआई की सैलरी रोकी जाए। दरअसल, हाईकोर्ट के आदेश से पुलिस मुख्यालय ने ट्रेनी एसआई को नॉन फील्ड कर दिया है। उन्हें सैलरी दी जा रही है। याचिकाकर्ता के वकील हरेन्द्र नील ने बताया कि यह स्थापित कानून है कि बिना काम के वेतन नहीं दिया जा सकता है। ऐसे में हमने कोर्ट से कहा है कि नो-वर्क, नो-पे का सिद्धांत लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि प्रत्येक ट्रेनी एसआई को ट्रेनिंग के दौरान 26,500 रुपए का भुगतान किया जाता है।

कार्यालय ग्राम पंचायत, रायपुर
पंचायत समिति आंधी (जयपुर)
आम सूचना
ग्राम पंचायत रायपुर के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के बन्द नलकूप एवं कुए जो खुले पड़े हैं, उनको तीन दिवस में उपयुक्त ढक्कन से बन्द कर ग्राम पंचायत को सूचित करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दुर्घटना व रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं।

नीरज मीणा, सरपंच, ग्राम पंचायत रायपुर
ममता मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत रायपुर
राजेन्द्र पिंगोलिया, पटवारी, ग्राम पंचायत रायपुर

### मुख्यमंत्री के विजन को पूरा करने में जुटा माटी कला बोर्ड

# आठ जिलों के 160 मिट्टी कामगारों को मिलेंगे विद्युत चालित चाक

## श्रीयादे माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष ने लॉटरी से किया चयन

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को पूरा करने में श्रीयादे माटी कला बोर्ड पूरा शिद्दत से जुटा है। बजट घोषणा वर्ष 2024-2025 में प्रदेश भर के 1000 मिटी कामगारों को विद्युत चालित चाक व पगमिल (मिट्टी गूंथने की मशीन) आवंटन के लिए बोर्ड ने सोमवार को प्रदेश के आठ और जिलों के 160 मिट्टी कामगारों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया। उधोग भवन के सभागार में बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद राय टाक ने सवाईमाधोपुर, भरतपुर, धौलपुर, दौसा, टोंक, बूंदी, कोटा व बारां जिलों से आए जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में इन जिलों की लॉटरी निकाली। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 20-20 लोगों का चयन किया गया है। टाक ने बताया कि चयनित कामगारों को 10 दिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। टाक ने बताया कि पहले फेज में प्रदेश के 25 जिलों के 500 मिट्टी कामगारों का लॉटरी से चयन कर उन्हें प्रशिक्षण उपरांत विद्युत चालित चाक व पगमिल का वितरण किया जाएगा। अब तक कुल 9 जिलों के 180 मिट्टी कामगारों का चयन कर लिया गया है। शेष 16 जिलों के 320 मिट्टी कामगारों का चयन भी 20 जनवरी से पूर्व कर लिया जाएगा। टाक ने बताया कि 31 जनवरी-2025 से पहले समस्त 500 मिट्टी कामगारों को प्रशिक्षित करके उन्हें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विजन को साकार करते हुए स्वावलंबी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर के समस्त जिलों से कुल 13 हजार लोगों ने आवेदन किया है। बजट वर्ष 2024-2025 में राज्य सरकार ने 1000 मिट्टी कामगारों का लाभांवित करने का लक्ष्य रखा है) जिसे चालू वितीय वर्ष में पूरा कर दिया जाएगा।




कार्यालय ग्राम पंचायत, धोला
पं.स. जमवारामगढ़ (जयपुर)
आम सूचना
ग्राम पंचायत धोला के समस्त किसानों को सूचित किया जाता है कि जिन किसानों के बन्द नलकूप एवं कुए जो खुले पड़े हैं, उनको तीन दिवस में उपयुक्त ढक्कन से बन्द कर ग्राम पंचायत को सूचित करें, अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। दुर्घटना व रोकथाम हेतु राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान को सफल बनाएं।

प्रकाशचंद गुर्जर, सरपंच, ग्राम पंचायत धोला
राजेन्द्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत धोला
राहुल जांगीड़, पटवारी, ग्राम पंचायत धोला